LOK SABHA DEBATES

(Part I — Proceedings with Questions and Answers)

The House met at Eleven of the Clock

Monday, February 02, 2026 / Magha 13, 1947 (Saka)

HON'BLE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri N. K. Premachandran

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

LOK SABHA DEBATES

PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

Monday, February 02, 2026 / Magha 13, 1947 (Saka)

CONTENTS PAGES

ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS 1 – 30
(S.Q. NO. 21 – 31)

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS 31 – 50
(S.Q. NO. 32 – 40)

WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS 51 – 280
(U.S.Q. NO. 231 – 460)

Uncorrected – Not for Publication **LSS-D-II**

सत्यमेव जयते

LOK SABHA DEBATES

(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)

Monday, February 02, 2026 / Magha 13, 1947 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Monday, February 02, 2026 / Magha 13, 1947 (Saka)

C ON T E N T S **P A G E S**

RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION	**281**
PAPERS LAID ON THE TABLE	**281 - 301**
BUSINESS ADVISORY COMMITTEE	**301**
14th Report	
MOTION RE: 13TH REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE	**301**
MATTERS UNDER RULE 377 – LAID	**302 - 17**
Shri Anurag Sharma	**302**
Shrimati Manju Sharma	**303**
Captain Brijesh Chowta	**303**
Shri Rajiv Pratap Rudy	**304**
Shri Pradeep Kumar Singh	**304**
Shri Rajkumar Chahar	**305**
Dr. Manna Lal Rawat	**305**
Shri Ananta Nayak	**306**
Shri Arun Kumar Sagar	**306**
Shri Rodmal Nagar	**307**
Shri C. M. Ramesh	**307**
Shri Ramvir Singh Bidhuri	**308**
Md. Rakibul Hussain	**308**

Shri Harish Chandra Meena 309

Shri Imran Masood 309

Shri Murari Lal Meena 310

Shrimati Krishna Devi Shivshankar Patel 310

Shri Mohibbullah 311

Prof. Sougata Ray 311

Shri Kirti Azad 312

Shri Tamilselvan Thanga 313

Shri Magunta Sreenivasulu Reddy 314

Shri Dinesh Chandra Yadav 314

Shri Rajabhau Parag Prakash Waje 315

Shri E. T. Mohammed Basheer 316

Shri Mohmad Haneefa 317

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS 318 - 66
(Inconclusive)

Shri Sarbananda Sonowal 318 - 28

Shri Tejasvi Surya 329 - 41

ANNOUNCEMENT RE: AMENDMENTS TO MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS 342

Shri Rahul Gandhi -- (Speech Unfinished) 343 - 66

xxxx

(1100/MY/RP)

(Q. 21)

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): Thank you, hon. Speaker, Sir. In November, 2023, CPWD submitted Kalichedu MMLWO School lay out and structural drawings for approval. However, till date, there has been no progress in the construction of MMLWO School buildings at Kalichedu and Talupur. What is the reason for this delay? … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: अभय सिन्हा जी, प्लीज आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप एक मिनट के लिए बैठिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मिस्टर रशीद, अगर आप बीच में उठेंगे तो मुझे आप पर कार्रवाई करनी पड़ेगी। आप सदन की मर्यादा का ध्यान रखिए। आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

कुमारी शोभा कारान्दलाजे : माननीय अध्यक्ष जी, आंध्र प्रदेश को वर्ष 2016 से 2022 तक 17 डिस्पेंसरीज मंजूर की गईं। डिस्पेंसरीज को चिन्हित करने का काम स्टेट गवर्नमेंट का है, जैसे उसका लोकेशन किधर होना चाहिए, बिल्डिंग किधर देना चाहिए। ऐसे ही मेडिकल और नॉन मेडिकल स्टाफ को अप्वाइंट करने का काम भी राज्य सरकार का है। वर्ष 2016 से 2022 तक, तब की सरकार ने डिसपेंसरी के लिए जगह देने और लोकेशन चिन्हित करने का काम नहीं की। ईएसआईसी ने स्टेट गवर्नमेंट को बार-बार पत्र लिखा और उनके साथ मीटिंग भी की।

महोदय, वर्ष 2025 में नई सरकार आने के बाद एक बार फिर से ईएसआईसी ने आंध्र प्रदेश सरकार को पत्र लिखा। आंध्र प्रदेश की सरकार ने बहुत ही प्राथमिकता के साथ वर्ष 2017 में पांच जगहों को चिन्हित किया। इन पांच जगहों पर अभी डिस्पेंसरी नहीं है। वहां के लोगों को बहुत दूर जाना पड़ता है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम, सत्यवेदु, वरदैयापलेम, नायडूपेटा और मुथुकुरु में नई डिस्पेंसरी खोलने के लिए राज्य सरकार ने पत्र लिखा है। वहां तीन-तीन कर्मचारियों को भी नियुक्त किया गया है। वहां एक डॉक्टर, एक नर्स और एक अन्य स्टाफ को नियुक्त किया गया है। उसके साथ-साथ भारत सरकार की हमारी डिपार्टमेंट ने आंध्र प्रदेश के कर्मचारियों को देखते हुए आठ नए हॉस्पिटल और 17 डिस्पेंसरीज खोलने के लिए तैयार है। हम राज्य सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हैं। वहां आने वाले दिनों में हम जरूर इन चीजों को खोलेंगे।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण एवं मंत्रीगण, मैं सबसे बार-बार आग्रह करता हूं कि माननीय सदस्य भी संक्षिप्त में सवाल पूछें और माननीय मंत्री जी भी संक्षिप्त में जवाब दें। माननीय सदस्य जो सवाल पूछें, उसका ही माननीय मंत्री जी जवाब दें। न आप भूमिका बांधने का प्रयास करें और न ही माननीय सदस्य भूमिका बांधने का प्रयास करें, ताकि हम ज्यादा से ज्यादा प्रश्न ले सकें। ऐसा मेरा आप सभी से आग्रह है। मैं किसी को भी टोकना नहीं चाहता हूं, लेकिन अगर आप व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेंगे तो मैं जरूर टोकूंगा।

(1105/VPN/MLC)

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): Sir, in the year 1950, general and TB hospitals were constructed in Kalichedu village. When will the Government restart healthcare services at Kalichedu general hospital and TB hospital?

कुमारी शोभा कारान्दलाजे : सर, भारत सरकार ईएसआईएस के द्वारा बार-बार प्रयास करती है कि हॉस्पिटल खोले और कर्मचारी के आधार पर ईएसआईएस हॉस्पिटल खोलने के लिए नॉर्म्स है। उसके आधार पर भारत सरकार नियमित रूप से डिस्पेंसरी और हॉस्पिटल खोलने के लिए काम करती है। इसके लिए कर्मचारी कितने हैं और ऑफिस कितने हैं, यह देखकर इसे जरूर करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. एम.के. विष्णु प्रसाद।

DR. M. K. VISHNU PRASAD (CUDDALORE): Thank you Speaker, Sir. There is a scheme called EPF scheme. Post retirement life is very, very crucial and they have to live with some honour and some respect. Right now, there are six lakh people who have enrolled in this scheme and 81 lakh people are being benefited. Rs. 75,000 crore have been collected and only Rs. 25,000 crore have been disbursed till now. They are getting Rs. 1,000 per month as pension. I would like to know, through you, Sir, whether the Government is having any idea to increase the minimum basic pension from Rs. 1,000 to Rs. 5,000? Thank you very much.

कुमारी शोभा कारान्दलाजे : सर, आज का प्रश्न ईएसआईसी के लिए है, ईपीएफओ के लिए अलग से प्रश्न पूछिए फिर इसके संबंध में जरूर बात करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : कोई बात नहीं, प्रश्न इसी से संबंधित है, मंत्री जी जवाब दे दीजिए। इसमें कोई बात नहीं है, यह अलग-अलग विभागों का प्रश्न नहीं है।

श्रम और रोजगार मंत्री; तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया) : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है कि क्या ईपीएफओ में बेस सीलिंग बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है? वह आज के दिन में विचाराधीन है।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

प्रो. सौगत राय जी।

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, it seems from the answer that 17 dispensaries have been given in principle approval. May I know whether the Minister would be pleased to state how many such one-doctor, two-doctor, or three-doctor dispensaries have been allowed in West Bengal? If so, the details thereof.

डॉ. मनसुख मांडविया : वेस्ट बंगाल में छोटी डिस्पेंसरी के लिए कुल मिलाकर तीन नई डिस्पेंसरीज के लिए अप्रूवल दिया गया है और जब व्यवस्था खड़ी हो जाएगी, तो वहां डॉक्टर का अप्वायंटमेंट कर देंगे और सुविधा उपलब्ध करा देंगे।

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Mr. Speaker, Sir. The basic issue of ESI Corporation is that the dispensaries in the concerned States are being administered by the State Government and the entire funding is from the Union of India, that is, from the ESI Corporation. There is a dual administration. That is the basic issue which is leading to a lot of difficulties in the administration of the ESI Corporation dispensaries.

There are so many Parliamentary Committee Reports, Consultative Committee Reports, and so many recommendations are before the Ministry of Labour. I would like to ask a specific question to the hon. Minister whether the Government will consider to address the issue of dual administration, on the one hand by the Union Government or the ESI Corporation and on the other by the State Governments? Will this issue be addressed so as to have a smooth functioning of the ESI dispensaries in the States? Thank you very much, Sir.

डॉ. मनसुख मांडविया : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। ईएसआईसी स्टेट गवर्नमेंट भी चलाती है और सेंट्रल गवर्नमेंट भी चलाती है। प्राइमरी और सेकेंडरी ट्रीटमेंट की व्यवस्था राज्य सरकार करती है और भारत सरकार उसको पैसा देती है। मैं ईएसआईसी कमेटी में चेयरमैन हूँ और माननीय सदस्य मेम्बर हैं, माननीय सदस्य और मैं, दोनों साथ मिलकर इस पर विचार करेंगे और उसमें जो कंसर्न और सहमति बनती है, उसके लिए सरकार में रिक्मेंडेशन भी करेंगे।

(1110/GG/UB)

SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI (THOOTHUKKUDI): Sir, the ESI hospital in Thoothukkudi is 98 per cent complete. However, it has not been made operational yet because the staff like medical superintendent, OPD staff, and other professionals have not been appointed. If you do that, the services at the hospital will be started. So, I would like to know from the hon. Minister when the services will be started.

डॉ. मनसुख मांडविया : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने अस्पताल को प्रारंभ करने के लिए प्रश्न पूछा है। अस्पताल का 98 पर्सेंट फिज़िकल काम पूर्ण हो चुका है। वहां पर डॉक्टर की नियुक्ति एवं ट्रांस्फर की प्रक्रिया हम जनवरी, फरवरी और मार्च तीन महीनों में करते हैं। इन दो महीनों में ही रिक्रूटमेंट हो जाएगा और मार्च के अंत तक हम अस्पताल को चालू कर देंगे।

(इति)

(Q. 22)

SHRI NAVASKANI K. (RAMANATHAPURAM): Sir, sufficient awareness about ELI Scheme has not been created among people. Due to its strict eligibility criteria, many people are unable to avail the benefits. In this context, will the Government come forward to create adequate awareness. What will be the mechanism to relax eligibility norms of this Scheme?

डॉ. मनसुख मांडविया :माननीय अध्यक्ष जी, जो रोज़गार निर्माण योजना है, उसका लाभ सभी लोगों को मिले। सभी जातियों, वर्गों, समुदायों और सभी प्रकार की भौगोलिक क्षेत्रों के लिए यह योजना शुरू की गई है। इस योजना में एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। इस प्रावधान में जो नए लोग जॉइन करेंगे, उन सबको 15 हज़ार रुपये मिलेंगे। उनके राज्य और यूटी में इस व्यवस्था का लाभ वहां के युवा भी ले सकते हैं।

SHRI NAVASKANI K. (RAMANATHAPURAM): Sir, my constituency is one of the Aspirational Districts which have a very few industries. What steps is the Government going to take to create job opportunities under ELI Scheme in my district of Ramanathapuram?

डॉ. मनसुख मांडविया :अध्यक्ष जी, ईएलआई योजना – जहां रोज़गार उपलब्ध होता है, जिसको रोज़गार मिलेगा, उसको आर्थिक सहाय करना है। जो इस्टेब्लिशमेंट यानि जो इंडस्ट्रीज़ नौकरीदाता के रूप में नौकरी देते हैं, उसको भी आर्थिक सहयोग करने की व्यवस्था इस योजना में की गई है।

माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है कि अपने लोक सभा क्षेत्र में नए रोजगार निर्माण के लिए जो स्थानिक उद्योग, स्थानिक विकास, जो भारत सरकार की कई योजनाओं से चल रहा है, उसका लाभ ले कर वहां भी आर्थिक उपार्जन के लिए रोज़गार निर्माण का कार्य हो सकता है।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 23 – श्री गोडम नागेश।

मैं इसमें व्यवस्था दे रहा हूँ कि प्रश्न संख्या 23 एवं 28 एक ही नेचर के हैं। क्या आप लोग दोनों प्रश्नों को एक साथ लेने के लिए तैयार हैं? दोनों ही पीएमश्री स्कूलों से संबंधित हैं।

अनेक माननीय सदस्य : जी हां, महोदय।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

श्री गोडम नागेश जी।

(प्रश्न 23 और 28)

श्री गोडम नागेश (आदिलाबाद) : अध्यक्ष जी, उत्तर तो पूरा विस्तार से मैं देख चुका हूँ।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, नमस्कार।

आगे बढ़ते हैं।

श्री गोडम नागेश (आदिलाबाद) : सर, मैं प्रश्न पूछता हूँ।

सर, पीएम-श्री स्कूलों में बहुत सारी सुविधाएं हैं। जैसे बायोलॉजी और कैमिस्ट्री की लैब्स आदि की हर तरह की सुविधा वहां पर हैं। मेरा प्रश्न आपके माध्यम से यह है कि पीएम-श्री स्कूलों में जो यह सुविधा दी गई है, क्या उसका कोई मूल्यांकन हुआ है, क्योंकि बाकी स्कूलों से ये स्कूल अलग हैं? इन पीएम-श्री स्कूलों के छात्रों में कोई सुधार आया है, क्या इसका कोई मूल्यांकन हुआ है?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष महोदय, सदस्य का प्रश्न है कि कुछ मूल्यांकन हुआ है। मगर एक ही कोट मैं अभी करूंगा कि इस बार दिसंबर माह में राज्य के मुख्य सचिवों की एक प्रगति की बैठक में माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसकी समीक्षा की है, इसका मूल्यांकन किया है। सर्वत्र इसकी प्रशंसा हुई है कि पीएम-श्री स्कूल देश में एक प्रोग्रेसिव स्कूल के रूप में उभर रहे हैं। उनमें अन्य स्कूलों से अच्छी पढ़ाई हो रही है। इसकी मान्यता और स्वीकृति धीरे-धीरे बढ़ रही।

श्री गोडम नागेश (आदिलाबाद) : महोदय, अभी 13,074 स्कूल्स में यह योजना कार्यरत है। वहां का मूल्यांकन हुआ और वहां के छात्रों की गुणवत्ता अच्छी है। मैं एक निवेदन करना चाहता हूं। देश भर के जो सेंट्रल स्कूल्स, स्टेट स्कूल्स या लोकल बॉडीज़ हैं, क्या सरकार इस योजना को और अधिक स्कूलों में लागू करने पर विचार कर रही है।

माननीय अध्यक्ष : आप यह बात वित्त मंत्री जी से कहिए।

(1115/UB/GG)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, अभी देश में 14,500 स्कूलों में से 13,000 से ज्यादा स्कूलों में यह योजना क्रियान्वित है। आपने सही कहा है। जब इस योजना के बारे में सोचा गया था, इसको प्रेरक स्कूलों के रूप में लागू किया गया था। देश में 15,00,000 स्कूल्स हैं, लेकिन उनमें से एक प्रतिशत प्रेरक स्कूल्स हैं, हब एंड स्पोक मॉडल देश में इम्पैक्ट लाएं। यह एक अच्छा प्रयोग है। भविष्य में देखेंगे कि क्या हो रहा है।

श्री काली चरण सिंह (चतरा) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पाखी विधान सभा क्षेत्र है, जो आकांक्षी जिला पलामू के अंतर्गत आता है। वह शैक्षणिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र होने के बाद भी पीएम श्री विद्यालय से वंचित है। हाल ही में स्वीकृत किया गया है, जिसमें आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी गई है। क्या उसमें पाखी क्षेत्र को भी शामिल करने की संभावना है।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य जी ने जो स्पेशिफिक प्रश्न पूछा है, मैं उनकी समस्या का समाधान करने की कोशिश करूंगा।

श्री राजीव राय (घोसी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि पीएम श्री विद्यालय खोलने का क्राइटेरिया क्या है? क्या कभी उसका ऑडिट किया जाता है? वे नॉर्म्स को फॉलो कर रहे हैं या नहीं? मैं अपने संसदीय क्षेत्र में गया था, वहां बहुत दुर्व्यवस्था थी। मैंने अनुरोध किया है। जहां 30-30 सालों से कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुला है, वहां की आबादी कई गुना बढ़ गई है। क्या सरकार उन क्षेत्रों में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने पर विचार कर रही है?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, यह विषय पीएम श्री स्कूल से संबंधित है। केन्द्रीय विद्यालय एक अलग विषय है। पीएम श्री स्कूलों को खोलने के लिए क्राइटेरिया बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों में मूल्यांकन की अलग प्रक्रिया है तथा शहरी इलाकों में मूल्यांकन की अलग प्रक्रिया है। इसका फार्मेट पब्लिक डोमेन में है। सभी स्कूल्स उसके लिए आवेदन करते हैं। उनका मूल्यांकन किया जाता है। राज्य सरकार उसकी समीक्षा करके केन्द्र सरकार के समक्ष भेजती है। अगर ग्रामीण इलाके में 60 प्रतिशत क्राइटेरिया में वेटेज होता है, तो उसका चयन किया जाता है। शहरी इलाकों में 70 प्रतिशत क्राइटेरिया पर चयन होता है। मैं कह सकता हूं कि अभी तक 100 प्रतिशत पारदर्शी तरीके से उसका चयन होता है। अगर कोई विषय छूट गया है, तो राज्य सरकार उसको हमारे पास भेजेगी, तब हम उसको देखेंगे। केन्द्रीय विद्यालय एक अलग विषय है।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती कलाबेन देलकर – उपस्थित नहीं।

श्री संदिपनराव भुमरे – उपस्थित नहीं।

श्री राजेश रंजन – उपस्थित नहीं।

श्री वीरेन्द्र सिंह जी।

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : महोदय, मैंने पीएम-श्री योजना के तहत लिस्टेड सवाल पर अनुपूरक प्रश्न पूछने के लिए आपसे अनुरोध किया है। मैं माननीय मंत्री जी के कार्यालय में गया था, माननीय मंत्री जी ने सहृदयतापूर्ण मुझे आश्वासन दिया था कि मेरा चंदौली जनपद आकांक्षी जिले में आता है, वहां पर एक पीएम श्री स्कूल बनाया जाए, जिसके लिए आपने अपने स्टॉफ को ऐसा आदेश भी दिया था।

मंत्री जी, मैं इस सदन में आपसे पूछना चाहता हूं कि आप वही बात यहां पर भी कह देंगे, तो आपकी बहुत कृपा होगी।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : महोदय, मंत्री राजीव राय जी ने जो प्रश्न पूछा था, मैंने उस प्रश्न में इसका उत्तर दिया है। इसकी एक प्रक्रिया होती है। जब मेरे कार्यालय में मेरे मित्र आएंगे, तो मैं उनसे कड़वी बात तो नहीं कहूंगा। मैं यह कहूंगा कि इसको देखा जाएगा और कोशिश की जाएगी।

वीरेन्द्र सिंह जी, मैं आपसे फिर यह कहता हूं कि आपकी बात को राज्य सरकार तक पहुंचाऊंगा। अगर वह स्कूल इस क्राइटेरिया में आएगा, तो उसको इसमें शामिल करने में मुझे गर्व होगा और अच्छा भी लगेगा।

(इति)

(प्रश्न 24)

श्री राजा राम सिंह (काराकाट) : अध्यक्ष महोदय, मैंने इस प्रश्न का उत्तर पढ़ा है। वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर 5,482 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। अब 4,498 करोड़ रुपये का आवंटन दिख रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर यह राशि घट रही है। कस्तूरबा विद्यालयों की स्थिति इसी से समझ में आ रही है। इसके उन्नयन के लिए काम नहीं हो रहा है।

मेरा कहना है कि जिस तरह से हर क्षेत्र में बच्चियां आगे बढ़ रही हैं। आधुनिक शिक्षा, तकनीक, एआई जैसे तमाम क्षेत्रों में विकास के लिए और ज्यादा फंड एलोकेशन की जरूरत है। उसके फंड को घटाने की जरूरत नहीं है। क्या मंत्री जी इस फंड को बढ़ाएंगे, ताकि बच्चों को क्वॉलिटी एजुकेशन दी जा सके?

(1120/YSH/VR)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, अभी वित्तीय वर्ष 2025-26 को खत्म होने में दो महीने बाकी हैं। अभी तक जितना खर्चा हुआ है, उसका हमने विवरण दिया है। वित्तीय प्रबंधन घटाने के लिए कोई कारण नहीं है। राज्य सरकार जैसे-जैसे हमें कस्तूरबा विद्यालयों की डिमांड पेश करती है, वैसे-वैसे हम उनको रिकरिंग खर्चा प्रेषित करते रहते हैं, उपस्थापित करते रहते हैं।

बाकी बच्चियों की पढ़ाई के बारे में प्रश्न है तो उसके लिए इस पवित्र सदन में एक सुखद संवाद करते हुए कल आदरणीय वित्त मंत्री जी ने प्रधान मंत्री जी के एक दायित्व को स्थापित किया है। देश में बच्चियों की पढ़ाई अच्छी हो रही है। इन दिनों स्कूलों में लड़कों की तुलना में जीआर में लड़कियां अच्छा आ रही हैं। यह देश के लिए एक शुभ संकेत है। इसको ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बच्चियां स्टेम एजुकेशन में अच्छा कर रही हैं। इसी को आगे बढ़ाने के लिए आदरणीय वित्त मंत्री जी ने कल बजट में भारत के सभी जिलों में एक अत्याधुनिक गर्ल्स हॉस्टल का प्रबंधन किया है। इसलिए हमारी सरकार गर्ल्स स्टूडेंट्स के लिए कमिटेड है। कल का बजट उसका बहुत बड़ा प्रमाण है।

श्री राजा राम सिंह (काराकाट) : अध्यक्ष महोदय, मेरे गांव दाउदनगर में औरंगाबाद जिले के प्रखण्ड का कस्तूरबा विद्यालय है। इस वजह से मैं वहां की स्थिति को नजदीक से जानता हूँ। वहां अभी भी चाहे मनोरंजन कक्ष हो, चाहे वाचनालय हो या चाहे अन्य आधुनिक सुविधाएं हों, वे उन्हें उपलब्ध नहीं हैं। एकौनी उच्च विद्यालय, जो कस्तूरबा विद्यालय है, उसके साथ-साथ पूरे औरंगाबाद जिले में जो अन्य विद्यालय हैं, उन पर मैं विशेष ध्यान देने का आग्रह करता हूँ।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि जिस प्रकार से अभी बालिकाओं के ऊपर बिहार में खास तौर से नीट छात्राओं के साथ जो हुआ है, उसमें हमारे जिले की भी एक बालिका थी।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, यह क्वेश्चन नहीं है।

श्री राजा राम सिंह (काराकाट) : अध्यक्ष महोदय, यह मेरा क्वेश्चन नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस लिहाज से हमारे जो कस्तूरबा विद्यालय हैं, उनमें बच्चियों की सुरक्षा और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है। इस मामले में सरकार की क्या सोच और कथन है?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, आदरणीय सदस्य राजा राम सिंह जी ने अपने चुनाव क्षेत्र के स्पेसिफिक स्कूल के बारे में प्रश्न पूछा है। मैं उनको आमंत्रित करूंगा कि वे प्रश्न काल के बाद मेरे पास आएं। हम सीधे बिहार सरकार से बात करेंगे और उनके साथ जो स्पेसिफिक समस्या है, उसके समाधान का रास्ता निकालेंगे। मैं विनम्रता के साथ उनको आश्वस्त करता हूँ कि उनकी चिंता की जाएगी।

श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) : सर, मैं ऑनरेबल मिनिस्टर साहब के सामने यह नोटिस में लाना चाहता हूँ कि इस समय इन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की जो पोजीशन है, वह दो हवाले से ठीक नहीं है। एक तो इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है और दूसरा स्टाफ की कमी है। आपने जिस मकसद के लिए इन्हें खोला था,वह मकसद पूरा नहीं हो रहा है। मैं आपसे सिर्फ इतना जानना चाहता हूँ कि इनके इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए और इनके स्टाफ के लिए, जहां-जहां कमी है, उनको ठीक किया जाए। तभी उनका फायदा लोगों को हो सकता है।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, मैं आदरणीय सदस्य से निवेदन करूंगा कि व्यवस्था ठीक है। व्यवस्था और ज्यादा अच्छी करवानी चाहिए, ऐसी आपकी अपेक्षा है और मैं भी उससे सहमत हूँ। हम राज्य सरकारों को बार-बार आग्रह करते हैं कि जो व्यवस्था हम यहां से देते हैं,उस पर आप पूरा खर्चा करें, उस पर त्वरित खर्चा करें। उनको जितना स्टाफ रखने की जरूरत है, उतना स्टाफ रखना चाहिए। हम उसकी हर महीने मॉनिटरिंग करते हैं। आपके सुझाव हम आगे भी लेंगे।

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि आपने अपने उत्तर में अनुसूचित जनजाति व अल्पसंख्यकों के बारे में उल्लेख किया है। आप हमारे यहां पर दिखवा सकते हैं कि 1.2 प्रतिशत भी आदिवासी या दलित की बच्चियां कस्तूरबा विद्यालय में नामांकित नहीं होती हैं। आपने कहा है कि बच्चियों का पढ़ाई में ज्यादा अनुपात है, लेकिन आठवीं, नौवीं तक जाते-जाते आप भारत की बच्चियों का एजुकेशन रिपोर्ट देख लीजिए। वे बारहवीं क्रॉस नहीं कर पाती हैं। चाहे ऐसा पारिवारिक कारणों से हों या चाहे सामाजिक या आर्थिक कारणों से हो। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि जो आदिवासी इलाका है, दलित इलाका है जैसे सीमांचल है, पूर्णिया है, कोसी है, वहां सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके हैं, गरीब इलाका हैं इसलिए वे लोग बाहर जाते हैं।

(1125/STS/PBT)

कस्तूरबा स्कूल जैसे धमदाहा, बनमनखी और अन्य जगहों पर खोलने और उसकी क्वालिटी और क्वांटिटी पर ध्यान देने की जरूरत है। आज के समय में बच्चियों की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। बच्चियों की सुरक्षा, क्वालिटी और क्वांटिटी पर कैसे ध्यान दिया जाएगा? अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की बच्चियां कैसे स्कूल जाएगी, इस पर आपकी क्या सोच है? यह बताने की कृपा करें। धन्यवाद।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं नहीं जानता कि माननीय सदस्य जी ये तथ्य कहां से लाये हैं, शायद उनको विशेष रूप से मालूम होगा। मैं इस सदन के समक्ष ग्रॉस फीगर्स कोट करना चाहूंगा। कुल 7 लाख 58 हजार 288 बच्चियां पढ़ती हैं, उनमें से 2 लाख 6 हजार 297 एससी कैटेगरी के बच्चे हैं, 1 लाख 77 हजार 9 एसटी कैटेगरी के बच्चे हैं और 2 लाख 64 हजार 175 ओबीसी वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं, यानी लगभग 75 से 80 प्रतिशत पिछडे वर्ग के बच्चे इसमें पढ़ते हैं। इस योजना की मूल शर्त ही यही थी कि एजुकेशनली बैकवर्ड इलाके में ही खोली जाएगी। यह तथ्य है। सदन को बेवजह की बातों में गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 25, श्री मुरारी लाल मीणा।

(प्रश्न 25)

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) : अध्यक्ष महोदय, जैसा कि कल वित्त मंत्री जी ने बोला है कि छोटे शहरों के ऐतिहासिक स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस संबंध में मैं आपके माध्यम से माननीय संस्कृति मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि मेरे दौसा संसदीय क्षेत्र में स्थित वीर शिरोमणि राणा सांगा की ऐतिहासिक चबूतरा, पांडूपोल (महाभारतकालीन स्थल), नारायणी माता मंदिर, पपलाज माता मंदिर, झांझीरामपुरा गोमुख, जैसे प्रमुख दर्शणीय स्थल हैं। क्या इन ऐतिहासिक स्थलों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक घोषित किया जाएगा, जिससे इन ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण, मरम्मत और सौंदर्यीकरण हो सके?

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात को शुरु करूं, उससे पहले मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद और आभार ज्ञापित करना चाहता हूं कि पर्यटन और संस्कृति दोनों को जिस तरह की प्रधानता माननीय वित्त मंत्री जी ने कल अपने बजट भाषण में की, निश्चित रूप से पर्यटन उद्योग को और पर्यटन के क्षेत्र को उससे बहुत बड़ी ऊंचाई आने वाले समय में मिलेगी।

माननीय सदस्य ने एएसआई के माध्यम से इन ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण का जो प्रश्न किया है और जिन मंदिरों और महाराणा सांगा, जो वीर शिरोमणि थे उनके स्मारक का भी उन्होंने उल्लेख किया है। ये जितने भी मंदिर और स्मारक, जिनका उन्होंने उल्लेख किया गया है, उनमें से कोई भी सेंट्रल प्रोटेक्टेड लिस्ट में नहीं है। सेंट्रल प्रोटेक्टेड लिस्ट में लाने की एक प्रक्रिया है। देश भर में अनेक ऐसे स्मारक हैं, जो राज्यों के द्वारा संरक्षित होते हैं, लेकिन जिन मंदिरों का उल्लेख माननीय सदस्य ने किया है, उनमें से एक को छोड़ कर अन्य कोई अभी स्टेट प्रोटेक्टेड लिस्ट में भी नहीं है। एक बार प्रोटेक्टेड लिस्ट में आने की प्रक्रिया पूरी हो जाए, उसके बाद ही भारत सरकार एएसआई के माध्यम से संरक्षण की गतिविधि या कार्य उस पर कर सकती है।

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) : माननीय अध्यक्ष जी, पहली बात माननीय मंत्री जी ने यह कही कि इनमें से कोई भी प्रोटेक्टेड लिस्ट में नहीं है। क्या आप इन स्मारकों को इस लिस्ट में लाने की प्रक्रिया को पूरा करेंगे?

अध्यक्ष महोदय, आप राजस्थान की लोक संगीत और लोक संस्कृति के बारे में सब जानते हैं और माननीय मंत्री जी भी जानते हैं। मेरा संस्कृति मंत्री जी अनुरोध है कि क्या पूर्वी राजस्थान, विशेषकर दौसा क्षेत्र के मीणावाटी लोक संस्कृति, पददंगल, कन्हैया दंगल, सुड्डा दंगल जैसी पारंपरिक लोक कलाएं एवं लोक संगीत को मान्यता दी जाएगी? विशेषकर पूरे राजस्थान की जो संस्कृति है, मैं समझता हूं कि इस संस्कृति से हमारे प्रधानमंत्री जी भी जब मीणा हाईकोर्ट में गए थे, तब इससे अवगत हो चुके हैं और हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी भी जब भारत जोड़ा यात्रा की थी, तब उस यात्रा के दौरान उन्होंने पूरी रात लोक गीत सुनी थी। मैं चाहता हूं कि इनको मान्यता दी जाए।

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने विस्तार से अपने क्षेत्र और विशेष रूप से मेरे प्रदेश राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न लोक कलाओं और लोक परंपराओं का उल्लेख किया है और उन्होंने आग्रह और अनुरोध किया है कि किस तरह से उनको मान्यता दी जा सके। मुझे लगता है कि इस तरह से लोक संगीत को मान्यता देने का सरकार या व्यवस्था में कहीं कोई विधान नहीं है कि हम किसी लोक संस्कृति को या लोक गीत को या लोक संस्कृति की किसी विद्या को मान्यता प्रदान करें। हम उनके संरक्षण के लिए काम कर सकते हैं। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों मिलकर ऐसी विलुप्त हो रही सांस्कृति परंपराओं के संरक्षण के लिए काम कर सकती है।

(1130/MK/SNT)

निश्चित रूप से जहां भी इस तरह का विषय संज्ञान में आता है, उसको हम विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से, जोनल कल्चरल सेंटर्स के माध्यम से रिइंफोर्स और रिजुवनेट करेंगे, ताकि वह वापस लोगों तक पहुंचे, उस क्षेत्र में काम करने वाले जो कलाकार और कलावंत हैं, उनको संरक्षित करने तथा उस कला को वापस डेसिमिनेशन के लिए काम करते हैं। साथ ही साथ भारत सरकार की गुरु-शिष्य परम्परा के तहत ऐसी लुप्त हो रही कलाओं को वापस रिइंफोर्स करने के लिए हम अपनी रिपर्टरी ग्रांट प्रदान करके इस तरह की गतिविधियों को करते हैं। अगर इस तरह का प्रस्ताव राज्य सरकार की तरफ से आता है, तो निश्चित रूप से उसके ऊपर सकारात्मक विचार किया जा सकता है।

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): Mr. Speaker, Sir, though this question pertains to the National Cultural Fund, but with your permission may I ask a broader policy question pertaining to culture.

India is a civilizational continuum which has evolved over the millennia. There are various strains, various influences, and various confluences which have gone into shaping the syncretic idea of India. My question, Mr. Speaker, Sir, to the hon. Minister, through you, is this. Does the Government believe in the multicultural, multilingual, pluralistic, multi-ethnic ethos of India? And if it does believe that India is in fact a syncretic continuum of different confluences, what is the Government doing to promote this very pluralistic idea of India?

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का प्रश्न मूल प्रश्न से संबद्ध नहीं है। उन्होंने बहुत विस्तृत रूप से पॉलिसी मैटर पर प्रश्न किया है। मैं आपकी अनुमति से उसका उत्तर देने का प्रयास करता हूं।

भारत की संस्कृति में निश्चित रूप से हजारों साल तक सभ्यागत विकास हुआ है। मैं एक बार फिर माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करूंगा कि हजारों साल के विकास का जो क्रम था, उस विकास क्रम को जानने, पहचानने, खोजने और समझने के लिए जो आर्कियोलॉजिकल एक्सकेवेशन्स होते हैं, सामान्यत: एक्सकेवेटेड साइट्स को चाहे दिल्ली के पुराने किले में, जहां

हम सात डिफरेंट एरा को एक साथ देख सकते हैं। उनके डेवलपमेंट को साथ में देख सकते हैं। उसकी सभ्यता और आर्कियोलॉजी को एक साथ समझ सकते हैं। आर्किलॉजिकल और साइंटिफिक स्टडीज करने के बाद दुनिया भर में इस तरह की परम्परा है कि आर्कियोलॉजिस्ट उस साइट को एबैनडंड कर देते हैं। उसको प्लास्टर ऑफ पेरिस से फिल करके छोड़ दिया जाता है, ताकि भविष्य में कभी कोई उसमें और अनुसंधान करे तो उसके लिए प्रयास किया जा सकता है। लेकिन, माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से उनके मार्गदर्शन में वड़नगर की आर्कियोलॉजिकल साइट को एक एक्सपीरियंस जोन में गुजरात सरकार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने बदला है। उसका परिणाम यह हुआ कि जो कोई भी वहां गया, उसके मन में भारत के प्रति एक गर्व और भारत के इस उद्विकास के प्रति एक गर्व का भाव समाहित हुआ।

माननीय वित्त मंत्री जी ने कल एक नई योजना 'देश' नाम से दी है। एक नई योजना इस तरह की घोषित की है, जिसमें हम 15 संरक्षित ऐसे स्थल, जहां एक्सकेवेशन हुआ है, जहां हम इस पूरी कंटिन्यूटी को एग्जिविट कर सकें, लोग देख सकें और समझ सकें कि भारत ने किस तरह से पिछले दस हजार साल की विकास यात्रा पूरी की है और उनको एक्सपीरियंस जोन बनाने की घोषणा की है। भारत सरकार में माननीय प्रधानमंत्री जी का मंत्र, जिसका सदन का शायद हर पत्थर गवाह होगा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' और सभी का सम्मान, इस विश्वास और विचार के साथ काम करने वाले हम लोग हैं। हम सबको साथ लेकर, सबका विकास करते हुए और साथ में सभी धाराओं का सम्मान करते हुए भारत को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। उसके लिए मुझे लगता है कि कहीं सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं है। अगर देश के गरीब के घर में जाकर देखेंगे कि वह किस जाति, सम्प्रदाय, समाज, पूजा पद्धति या राजनीतिक आस्था से जुड़ा है, तो उसका प्रत्यक्ष प्रमाण वहां देखने को निश्चित रूप से मिलेगा।

(इति)

(प्रश्न 26)

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण (नांदेड़) : अध्यक्ष महोदय, कई बीमा कंपनियों के कुछ कर्मचारी अनुचित व्यापार-व्यवहार, अर्थात् अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस में सम्मिलित रहते हैं, जैसे मिस सेलिंग, अर्थात् किसी बीमा उत्पादन का अनुचित रूप से विक्रय करना।

(1135/ALK/RTU)

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि सरकार द्वारा मिस-सेलिंग जैसे अनुचित व्यापार व्यवहार को रोकने संबंधी क्या उपाय किए गए हैं?

श्री पंकज चौधरी : बीमा क्षेत्र के विकास और ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए इरडाई एक स्वतंत्र नियामक संस्था है। इरडाई कंपनियों पर निगरानी रखती है और साथ में ग्राहकों की शिकायतों का वितरण भी करती है। साथ में इरडाई की निगरानी में बीमा लोकपाल की भी व्यवस्था है और ऐसे में जिन कर्मचारियों की शिकायतें आती हैं, इरडाई के माध्यम से तथा उन कंपनियों के माध्यम से उनका निस्तारण कराया जाता है।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, सप्लीमेंट्री प्रश्न।

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण (नांदेड़) : अध्यक्ष महोदय, बीमा पालिसी बेचते समय बीमा कंपनियों के कर्मचारी क्लेम सेटलमेंट में प्रक्रिया के बारे में बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन क्लेम सेटलमेंट के समय बीमा कंपनियों के व्यवहार में परिवर्तन आ जाता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि सरकार द्वारा बीमा कंपनियों के क्लेम सेटलमेंट रेशियो में सुधार लाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

श्री पंकज चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी कहा है कि इरडाई के माध्यम से सभी चीजों का ध्यान रखा जाता है, लेकिन माननीय सदस्य ने बीमा सेटलमेंट की बात की है। अगर आप देखें, तो वर्ष 2024-25 में जीवन बीमा के तहत 6,30,171 लोगों का बीमा सेटलमेंट हुआ है, साधारण बीमा में 1,06,777, स्वास्थ्य बीमा में 99,032, कुल मिलाकर 8,35,980 बीमा सेटलमेंट किए गए हैं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य इसमें यह पूछ रहे हैं कि क्या इसमें अपील का भी प्रावधान है?

श्री पंकज चौधरी : माननीय अध्यक्ष जी, सारे प्रावधान हैं। इरडाई की व्यवस्था में सब दिया हुआ है, उसमें लोकपाल की भी व्यवस्था है।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

माननीय सदस्य श्री सुधीर गुप्ता।

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर) : माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद भी देना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि बीमा की विभिन्न योजनाएं जो वर्ष 2014 के बाद प्रारंभ हुई। विशेष रूप से 'प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना' में 18 से 70 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के लिए 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का बीमा कवरेज दिया जा रहा है। इसमें संचयी नामांकन 56 करोड़ रुपये हुआ है। निश्चित रूप से ये बधाई के पात्र हैं कि वित्त मंत्रालय ने एक बेहतर प्रबंधन दिया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इसकी प्रत्येक नागरिक तक पहुंच बन सके

और ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, पोस्ट ऑफिस या कॉमन सर्विस सेंटर स्तर पर इसकी फार्मलिटीज पूर्ण हो सके और प्रत्येक व्यक्ति अपनी पहुंच बढ़ा सके, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सुलभता से प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना का कवरेज प्राप्त हो सके, क्या इसके लिए कोई योजना बनेगी?

श्री पंकज चौधरी : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने पहले बताया कि वर्ष 2014 के बाद यशस्वी प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आम आदमी के कल्याण के साथ-साथ उसका बीमा भी हो सके, ऐसी तमाम योजनाएं लेकर हमारी सरकार आयी थी। प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जन आरोग्य बीमा के साथ-साथ हमारी सरकार किसान के लिए भी बीमा लेकर आयी। तमाम अन्य बीमा योजनाएं लेकर आयी। माननीय सदस्य ने पहले ही 'जीवन ज्योति योजना' का मामला बताया है। वहां पर 26.32 करोड़ लोगों ने बीमा कराया है, नामांकन किया है, जिसमें 50 फीसदी महिलाएं हैं। 'प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना' में माननीय सदस्य ने स्वयं बताया है कि 56.15 करोड़ लोग नामित हुए हैं, जिसमें 50 पर्सेंट महिलाएं हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि इसको अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करे।

SUSHRI MAHUA MOITRA (KRISHNANAGAR): Thank you, Sir. I have got a question for the hon. Minister who is also present here. Following the question raised by my colleague regarding general insurance and especially medical insurance, the hon. Minister mentioned that most of the complaints received by IRDAI through the Bima Bharosa portal pertain to life insurance, and that 99,000 claims have been settled *via* this platform in the field of medical insurance.

Sir, every single one of us here — whether parents or relatives — who has undergone small surgical procedures at private hospitals. For the sum ranging from Rs. 3,00,000 to Rs. 4,00,000, under Rs. 5,00,000, they either try and do excessive delay in paying the money or try to curtail the amount. The attitude is how not to pay the money and apart from going to a consumer forum, which is a lengthy process for most of us, the Bhima Bharosa Portal does not work. In a country of our size, the very fact that only 99,000 claims have been processed, I think if we add all of us together then only we would get to 40,000 claims. So, for 99,000 claims, can you do something to make it a little more stringent?

(1140/CP/RTU)

श्री पंकज चौधरी : अध्यक्ष महोदय, हमारा इरडाई के द्वारा शिकायत निवारण तंत्र है, जिसके बारे में माननीय सदस्य ने कहा कि बीमा भरोसा पोर्टल ठीक से काम नहीं करता है। इसके अलावा पीएमओ पब्लिक ग्रीवांस पोर्टल भी है, सीपीग्राम्स भी है, सेंट्रल ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम भी है और इरडाई का एकीकृत शिकायत मैनेजमेंट सिस्टम भी है। इन सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनीटरिंग भी होती है। इसके अलावा बीमा ओम्बड्समैन भी है, जहां पर ग्राहक शिकायत निवारण संस्तुत न होने पर अपील भी कर सकता है।

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : महोदय, पीएनबी मेटलाइफ, एसबीआई लाइफ नाम से कंपनियां बीमा का काम कर रही हैं। आम जनता यह समझती है कि यह पंजाब नेशनल बैंक की शाखा है और उसमें वह बीमा कराती है। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। मैं विशेष रूप से अपने जिले, अपने क्षेत्र के बारे में बताना चाहता हूं। हमारे यहां टांडा में पंजाब नेशनल बैंक में हमारे क्षेत्र के लोगों ने पीएनबी मेटलाइट के अंतर्गत पैसे जमा किये और उनके साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी हुई।

मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि इस तरह की जो धोखाधड़ी है, उसको रोकने के लिए क्या कोई समुचित व्यवस्था करने का काम करेंगे?

श्री पंकज चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी बताया कि इरडाई द्वारा ही इसकी सारी व्यवस्था के तमाम तरीके हैं। अगर माननीय सदस्य के क्षेत्र का कोई स्पेसिफिक विषय है और वे मुझे बतायेंगे तो मैं दिखवा लूंगा।

(इति)

(प्रश्न 27)

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : सर, डॉ. मनमोहन सिंह सरकार वर्ष 2009 में यह सोचकर राइट टू एजुकेशन लाई थी कि हर बच्चे को तालीम फ्री मिलेगी और वे भी कंट्रीब्यूट कर सकेंगे। मेरा पहले का जो क्वैश्चन है, उसका जवाब नहीं आया। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि ओवर वन लाख गवर्नमेंट स्कूल्स लास्ट 5 ईयर्स में बन्द हुए, जिसमें एक करोड़ पैंतीस लाख बच्चे आउट ऑफ स्कूल हैं। ये जो स्कूल्स बन्द हुए, ये ज्यादातर ट्राइबल एरियाज़ में हैं या जहां एससी पॉपुलेशन, माइनोरिटी पॉपुलेशन ज्यादा है, वहां पर बन्द हुए हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो क्लोजर कराया गया है, इतने बच्चे जो स्कूल से बाहर हैं, उन्होंने इसका क्या असेसमेंट किया, जो ये स्कूल बन्द किए? प्रधान मंत्री कहते हैं कि "पढ़ेगा भारत, तो बढ़ेगा भारत"। यहां तो पढ़ाई का साधन ही बन्द हो रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि जो स्कूल्स बन्द हुए हैं, उन्हें कब तक चालू करेंगे? चूंकि आबादी बढ़ रही है, तो आप एडीशनल स्कूल्स कब देंगे और नहीं देंगे तो क्यों नहीं देंगे?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष जी, शिक्षा कानक्रेंट लिस्ट में है। स्कूल कितने खुलेंगे, कितने चलेंगे, इसका दायित्व राज्य सरकारों का है। यूडाइस के पोर्टल में हमारे पास जानकारी है कि देश में अभी 10,13,332 स्कूल्स हैं। भारत सरकार को स्कूल खुलवाना या बन्द करना नहीं होता है। भारत सरकार अपना एक नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क देती है कि पढ़ाई क्या होगी, उसके लिए कुछ वित्तीय मदद भी करती है। स्कूल कहां खुलेगा, यह राज्यों के अधिकार का विषय है। वे अपना-अपना रेशनलाइजेशन करते हैं। एक विषय यह है कि बच्चे कितने बाहर गए? इन दिनों इंटर डेटा डिजिटलाइजेशन हुआ है। इस देश में आरटीई आया। आरटीई के बाद कुछ राज्यों में थोड़ा बढ़ा-चढ़ाकर आरटीई रीअम्बर्समेंट के लिए नम्बर बनाये जाते थे। इन दिनों हमारे डिजिटल इंडिया मिशन के तहत, जब हम लोगों ने विद्या समीक्षा केन्द्र, यूडाइस को डिजिटलाइज कराया, अपार आईडी बनवाया, तब कुछ राज्यों में, कुछ इलाकों से सही जानकारी आ रही है। इसमें कुछ रेशनलाइज करते हुए नम्बर ऊपर-नीचे दिख रहे हैं।

(1145/VVK/AK)

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : महोदय, मेरी कॉन्स्टिट्युएंसी से ताल्लुक रखने वाला एक मुद्दा है, जिसके बारे में आपने भी बहुत चेष्टा की, लेकिन 12-13 साल होने के बावजूद भी एएमयू किशनगंज में अभी तक फंड नहीं दिया गया है। पिछले सात सालों में कई मर्तबा आपकी इजाजत से क्वैश्चन भी किया। कई मर्तबा माननीय मंत्री जी से भी मिला। अभी सामर्थ्य पोर्टल के बारे में आपने कहा कि जब उसमें फंड डलेगा, तभी आपको टीचिंग या नॉन टीचिंग स्टाफ मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूँ कि फंड कब तक मिलेगा या क्यों नहीं मिल रहा है? Is it because एएमयू, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी है? अगर ऐसा है, तो आप बीएचयू खोल दीजिए, आप क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज खोल दीजिए, हम तो इतने डिप्राइव्ड हैं कि आप किसी भी धर्म का कॉलेज खोल लीजिए। एमयू का जो पैसा है, इसे कब तक रिलीज़ करेंगे और हमारा टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ कब तक देंगे?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न मूलतः स्कूल विभाग का है। आदरणीय सदस्य हायर एजुकेशन विभाग के बारे में प्रश्न पूछ रहे हैं। अभी-अभी मेरे मित्र ओवैसी जी भी आए थे। उनको वहाँ अच्छा समर्थन भी मिला है। उन्होंने भी एएमयू के बारे में मेरे सामने कुछ विषय रखा है। उसकी सही समय पर चिंता की जाएगी। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सही समय तो कभी भी आ सकता है।

… (व्यवधान)

श्री भजन लाल जाटव (करौली-धौलपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूँ कि एक करोड़ के आसपास स्कूल पूरे देश के अंदर बंद कर दिए गए हैं। अकेले राजस्थान में वर्ष 2023-24 में 1,07,757 स्कूल थे, लेकिन आज वर्ष 2024-25 में 1,06,302 स्कूल हैं। लगभग 1500 स्कूल आपने एक साल में बंद कर दिए। देश में जनसंख्या बढ़ रही है। छात्रों का नामांकन बढ़ रहा है, छात्रों की संख्या बढ़ रही है। एक तरफ प्राइवेट स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपका प्रश्न पूरा हो गया है।

श्री भजन लाल जाटव (करौली-धौलपुर) : महोदय, कृपया थोड़ा-सा समय और दीजिए।

माननीय अध्यक्ष : नहीं, आप भूमिका मत बनाइए।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : अध्यक्ष महोदय, आदरणीय सदस्य जी ने कहा कि देश में एक करोड़ स्कूल बंद हो गए हैं। महोदय, जैसा कि मैंने पहले भी बताया है, देश में कुल मिलाकर 10 लाख 13 हजार… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वह एक करोड़ नहीं एक लाख बता रहे थे, लेकिन यह तो राज्य सरकार का विषय है।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : जी महोदय, यह विषय राज्य सरकार का है। आप अनुमति दें, तो मैं कहना चाहता हूँ कि जाटव जी जिस समूह, जिस पार्टी से आते हैं, उन्हीं की पार्टी की सरकार उन दिनों में राजस्थान में थी, जब स्कूल बंद हो रहे थे। वे वहाँ जाकर कष्ट करके पूछ लेते। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, यह बयानबाजी नहीं है। जहाँ स्कूलों में बच्चे कम हो गए हैं, सभी जगह स्कूल बंद हुए हैं।

… (व्यवधान)

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): Sir, I want to be specific to the hon. Minister.

Virudhunagar District Administration follows a structured real-time monitoring mechanism using the State Government's common digital platform that identifies students who are absent from school for more than two weeks. Periodic school dropout lists are being generated and cases have been distributed among the District-level officers from the District Magistrate to the Tehsildars fixing clear individual responsibilities.

The assigned officers personally visit the homes of children, interact with the parents/guardians, identify reasons for their dropouts, and facilitate their re-enrolment. Officers remain accountable until the child is brought back to school ensuring follow-through rather than mere reporting. This field-based ownership driven model has shown positive outcomes in reducing dropouts in the District and preventing children from early exposure to anti-social and vulnerable situations.

I would request to clarify whether the hon. Minister has taken note of this study. Can he study this model? This model is low-cost, scalable and replicable, and may be considered for adoption across the country to strengthen the school retention and achieve universal education goal. Thank you.

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Speaker Sir, many States have adopted their own unique model like my dear friend, Manickam Tagore quoted the Virudhunagar model. Yes, it might be a good model and certainly I will look into that.

Many States have adopted unique model to face the challenge of dropout issue, and at the pan-India level the Government of India is giving funds to develop Vidya Samiksha Kendras to monitor the last mile students in the classrooms. This is a good model. Many States are adopting such good models.

(ends)

(1150/SK/SRG)

(प्रश्न 29)

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) : माननीय अध्यक्ष जी, मंत्री जी ने प्रश्न के जवाब में बताया है कि लगभग 12वीं तक 10 से 15 परसेंट बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। प्राइमरी से 12वीं तक गणना की जाए तो लगभग 20 परसेंट बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं और स्कूल छोड़ने का मुख्य कारण गरीबी और खराब स्वास्थ्य बताया गया है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि खराब स्वास्थ्य को ठीक करने और गरीबी उन्मूलन के लिए बच्चों से संबंधित क्या उपाय किए गए हैं?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : माननीय अध्यक्ष जी, जैसा मैंने कहा कि स्कूल शिक्षा मूलत: राज्य सरकार के दायित्व में आता है। स्कूल ड्रापआउट एक राष्ट्रीय चुनौती है, प्राइमरी लैवल पर धीरे-धीरे 70 परसेंट जी.आर. हो रही है। जैसे-जैसे बच्चों की आयु बढ़ती है, बच्चे आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा तक जाते हैं और फिर ड्राप आउट होता है। इसके कई कारण हैं। भारत सरकार ने समग्र शिक्षा योजना में एडीशनल क्लास रूम, पोषण योजना, केजीबीवी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस रेजीडेंशियल होस्टल आदि योजनाओं जैसे अनेक इनीशिएटिव्स लिए हैं ताकि बच्चे स्कूल में रहें और पढ़ाई में लगें। जैसे हम पीएम श्री स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का उल्लेख कर रहे थे, हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 शिक्षा को ज्वॉयफुल बनाने के लिए सभी इनीशिएटिव्स और प्रयास इसी दिशा में कर रहे हैं ताकि स्कूलों में ज्यादातर बच्चे रहें। प्राइमेरली हर राज्य के अनेक प्रकार के मॉडल्स हैं, हमें इस तरफ ध्यान देना होगा।

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) : मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जर्जर स्कूल भवन की वजह से कितने स्कूल मर्ज कर दिए गए हैं? मेरे संसदीय क्षेत्र में आवासीय स्कूलों में क्या शिकायतें आई हैं और इनके निवारण के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

माननीय अध्यक्ष: आपके संसदीय क्षेत्र में क्या शिकायतें आई हैं, आपको इसके बारे में राज्य के मंत्री से पूछना चाहिए।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : माननीय अध्यक्ष जी, आपने सही संरक्षण दिया है। मैं एक जर्जर स्कूल के बारे में आपके समक्ष एक बात कहना चाहता हूं। आपने एक बार स्वयं चिंता जताई थी कि आपके गृह राज्य में कैसे सुधार हो। हमने भारत सरकार के उच्च अधिकारी और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठकर एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। आपके निर्देश से समग्र शिक्षा के तहत अनुदान के संबंध में विशेषकर राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष ध्यान देने की व्यवस्था की जा रही है।

श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं जिस विषय को उठाना चाहता था, माननीय मंत्री जी ने उसके बारे में बता दिया है। प्रश्न का जवाब आया कि स्कूल छोड़ने का मुख्य कारण बीमारी और घरेलू कार्य बताया जा रहा है। इसका मतलब है कि ड्रापआउट बच्चे और बच्चे के परिवार की समस्या है लेकिन सरकार की समस्या नहीं है।

मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या भौतिक विद्यालयों में भौतिक असुविधा के कारण बच्चे ड्रापआउट हो रहे हैं? क्या सरकार यह सच्चाई स्वीकार करना चाहती है? राजस्थान के झालवाड़ में बड़ा हादसा हुआ, उसमें सात बच्चे मर गए। राजस्थान में हजारों पीएस और यूपीएस स्कूल सीनियर स्कूलों में मर्ज कर दिए गए जो पांच किलोमीटर की दूरी पर हैं और इस वजह से बच्चे ड्रापआउट हो रहे हैं। क्या सरकार इस संबंध में भौतिक सुविधाएं प्रदान करने की मंशा रखती है?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : महोदय, यह विषय सबके दायित्व में आता है। जैसे आदरणीय सदस्य टैगोर जी ने एक मॉडल के बारे में बताया है। समाज का दायित्व होना चाहिए कि बच्चे स्कूल में रहें। इससे संबंधित कई विषय हैं, कई फिजिकल चैलेंजिस हैं, जैसे दूरी है, विशेषकर इसी विषय का उल्लेख किया गया है। गरीब घर के तबके के बच्चों की तरफ विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए और अनेक राज्यों में इस संबंध में अनेक उपाय किए हैं।

मैं आपके माध्यम से राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में अपील करना चाहता हूं कि सभी माननीय सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में घूमें ताकि बच्चे स्कूल आएं। माननीय सदस्यों को इस दायित्व के तहत काम करना चाहिए।

(इति)

(प्रश्न 30)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : माननीय अध्यक्ष जी, स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट चिंता व्यक्त की है कि देश में डेवलपमेंट कार्य के लिए नियम है, लेकिन डिमॉलिशन एक्टिविटीज़ के लिए कोई रैगुलेशन नहीं है। इस कारण निर्माण मलबा (Debris) और धूल (PM10) प्रदूषण का प्रमुख सूत्र बन गया है।

(1155/VB/SRG)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या सरकार मैनडेटरी डेमोलिशन परमिट की व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है, जिसमें मलबा निस्तारण की पूर्व योजना अनिवार्य हो और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए निजी बिल्डर हो? क्या प्राइवेट सेक्टर के लिए यह कम्पलसरी किया जाएगा कि वे अपने निर्माण कार्यों में स्पेसिफिक परसेंटेज ऑफ रिसाइकल्ड मैटिरियल का उपयोग करे?

श्री भूपेन्द्र यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत ही अच्छा प्रश्न किया है और सरकार ने हाल ही में सर्कुलर इकोनॉमी की दृष्टि से दो रूल्स जारी किये हैं। पहला विषय कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन वेस्ट का है। लेकिन हम सब जानते हैं कि कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन वेस्ट के कारण काफी मलबा पड़ा रहता है, उसका रीयूज़ भी नहीं होता है। हाल ही में, इस महीने में, मंत्रालय के द्वारा कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन रूल्स को जारी किया गया है।

दूसरा विषय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में भी ड्राफ्ट रूल्स जारी होने वाले हैं, जिसके अंतर्गत 20 हजार मीटर के रेजिडेंशियल एरिया से जो कचरा पैदा होता है, एक सौ किलो कचरे का उत्पादन होता हो, 4 हजार लीटर से ज्यादा वॉटर वेस्ट पैदा होता हो, आदि सबको रिसाइकल करके देना होगा। इसका प्रावधान मंत्रालय की वेबसाइट पर भी है और माननीय सदस्य को भी उपलब्ध करा दिया जाएगा।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : माननीय अध्यक्ष महोदय, कैम्पा फंड के अंतर्गत 84 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध है, लेकिन इनका यूटिलाइजेशन सुदूर वनों में वृक्षारोपण के लिए किया जाता है, जिसका लाभ प्रदूषित शहरों के निवासियों को प्रत्यक्ष रूप में नहीं मिल पाता है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या सरकार कैम्पा नियमों में संशोधन करेगी? क्या इस राशि का एक निश्चित भाग नॉन-अटेंमेंट शहरों के भीतर मियावाकी मेथड से अर्बन माइक्रो फॉरेस्ट विकसित करने के लिए आरक्षित करेगी ताकि कंक्रीट के जंगलों के बीच में ग्रीन स्पेसेज का डेवलपमेंट हो, जिससे प्रदूषण कम हो सके?

श्री भूपेन्द्र यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, देश में हरित आवरण को बढ़ाया जाना बहुत आवश्यक है। इस हरित आवरण को बढ़ाने के लिए कैम्पा की राशि का भी उपयोग किया जाता है, जैसा कि माननीय सदस्य ने विषय रखा था कि नगरीय क्षेत्रों में इसके लिए क्या प्रावधान है।

हमने नगरीय क्षेत्रों में नगर वन का प्रॉविज़न किया है। अगर मंत्रालय को नगर वन का प्रस्ताव भेजा जाता है, तो कैम्पा फंड के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में नगर वन के लिए हम यह कार्य करते हैं। अब हम लोग इसको नमो वन के नाम से भी विस्तृत कर रहे हैं। हमने देश में लगभग 300

से ज्यादा नमो वन बनाने के कार्य किये हैं। अगर माननीय सदस्य के या किसी भी सदस्य के, मैं सभी माननीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि अगर वे अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार के द्वारा अनुशंसा कराएंगे, तो हम सब मिलकर हरित आवरण को बढ़ाने के लिए काम करेंगे।

इतिहास को सुरक्षित करने के लिए सड़क पर आना पड़ता था। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में विशेष रूप से हमारे लोगों को कभी इंसाफ नहीं दिया और हमारे लोगों को सड़क पर आंदोलन करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने इंसाफ के लिए आंदोलन किया। वे उनको इंसाफ तो दे नहीं पाएं और उसके बदले गोलियों के जरिये उन्होंने कई लोगों की हत्याएं कीं। कांग्रेस का जो काला इतिहास है, नॉर्थ ईस्ट के लोग और भारत के लोग उस इतिहास को कभी भूलेंगे नहीं। वे हमारे देशवासियों और गरीब जनता के साथ कभी इंसाफ नहीं करते। उनको सिर्फ सत्ता चाहिए और सत्ता के जरिये देश के खजाने को लूटने का उनका स्वभाव है। उन्होंने 55 साल से अधिक राज किया और उसके बावजूद देश को आगे नहीं बढ़ा पाए। वे देश के विकास के लिए कदम नहीं उठाए पाएं। लेकिन परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने देश की भक्ति भावना से सेवा की है।

परम आदरणीय मोदी जी वर्ष 2014 में जब प्रधान मंत्री बने तो उन्होंने स्पष्ट रूप से देशवासियों को कहा कि मैं सिर्फ प्रधान मंत्री के हिसाब से नहीं, बल्कि प्रधान सेवक के रूप में देशवासियों की सेवा करूंगा। आज यह साबित हुआ कि पिछले 11 साल से वे निरंतर मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने ईमानदारी से कठोर परिश्रम किया, सही नीतियों को अपनाया, सही परियोजनाओं को हाथ में लिया और सेवा करने के लिए सही सुशासन व्यवस्था लागू की। आज सब को इंसाफ मिले, सब को सामाजिक न्याय मिले, अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए सब को सुनहरा मौका मिले। यही है मोदी जी का दिल देश के लिए और वे भक्ति भावना से देश सेवा करते हैं। उसी को देशभक्त कहते हैं। आज मोदी जी ने यह साबित किया है और उन्होंने देश सेवा करने के लिए नई पीढ़ी को भी रास्ता दिखाया है। आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व ने देशवासियों में विशेष रूप से आत्मविश्वास जगाया है और यह देश मोदी जी के नेतृत्व में निश्चित रूप से विकसित भारत बनने जा रहा है। यह निश्चित है और हर कार्यक्रम जिस हिसाब से सफल हो रहा है, आप लोगों ने यह खुद देखा है। यहां कांग्रेस के जो भी माननीय सांसदगण बैठे हुए हैं, उनको भी महसूस होना चाहिए। मोदी जी का जो कार्यक्रम है, आप उस कार्यक्रम के साथ जुड़ जाइये। … (व्यवधान) आपके मन में जो घृणा है, नफरत है, आप नफरत से कभी भी अपने आपको बदल नहीं सकते हैं। आपको जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि आपका जो भी काला इतिहास है, उस इतिहास को जनता कभी भूलेगी नहीं।

सभापति महोदय, मैं आज इतना ही कहूंगा कि देश के हर वर्ग के लिए जो भी कदम उठाए गए हैं या कार्यक्रम की घोषणा की गई है, सुशासन व्यवस्था के जरिये हर कार्यक्रम सही समय पर लागू होने की वजह से सब को इंसाफ मिला है। चाहे विद्यार्थी हों, युवा हों, महिलाएं हों, किसान हों या मजदूर हों, आज सभी वर्गों को अपने जीवन को सजाने का मौका मिला है और उसकी वजह से देश शक्तिशाली हुआ है। आप किसी भी सेक्टर को ले लीजिए। आप चाहे डिफेंस सेक्टर को ले लीजिए, पेट्रोलियम सेक्टर को ले लीजिए, चाहे शिक्षा विभाग ले लीजिए, चाहे खेल विभाग ले लीजिए, हर सेक्टर में जिस हिसाब से देश तरक्की करने लगा है, खासकर मोदी जी ने यह साबित किया है कि अगर कठोर परिश्रम ईमानदारी से किया जाए, सही नीयत हो तो निश्चित रूप से आपने जो लक्ष्य तय किया है, उस लक्ष्य को आप हासिल कर सकते हैं।

आज हमारे देशवासी बड़े सौभाग्यशाली हैं। मैं भी अपने आपको बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे मोदी जी के नेतृत्व में देश सेवा करने का मौका मिला है। पॉलिटिक्स के सिलसिले में पहले लोगों में गलतफहमी थी कि पॉलिटिक्स में जो भी लोग आते हैं, वे वादा करते हैं और वादा नहीं निभाते हैं। लेकिन मोदी जी ने कहा कि मैं जो कहूंगा, उसको करके दिखाऊंगा। उन्होंने उसे करके दिखाया है। आप लोगों को यह सीखना चाहिए कि सिर्फ नफरत की भावना फैलाने से कुछ नहीं होगा। अगर आप देश से भक्ति करते हैं, तो आप हमारी विकास यात्रा से जुड़ जाइये।... (व्यवधान)

(1230/ANK/PS)

सभापति महोदय, मुझे पोर्ट शिपिंग वाटरवेज मंत्रालय के मंत्री होने के नाते एक बात तो कहनी ही होगी कि इसी मंत्रालय को वर्ष 2014 तक कांग्रेस सरकार ने कभी भी मान्यता नहीं दी। वह पोर्ट शिपिंग वाटरवेज में बसी हुई शक्ति, संपदा और संभावना को पढ़ नहीं पाई। अगर उन्होंने इसको पढ़ लिया होता, उस पर अध्ययन और अनुसंधान किया होता, तो मुझे लगता है कि जैसे परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमने आज अलग-अलग कार्यक्रमों की रचना की है, तो वह भी इस तरह के कार्यक्रम ले पाते, जिससे देश का विकास होता। लेकिन उन्होंने इस विभाग को कोई मान्यता नहीं दी। पिछले 11 साल के अंदर जो व्यवस्था खड़ी की गई है, चाहे वह सागरमाला प्रोग्राम हो, मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 हो, मैरीटाइम अमृतकाल विजन 2047 हो, इन सबको हम कैसे जमीनी हकीकत से जोड़ें और देश की विकास यात्रा में हम कैसे विशेष रूप से सहयोग करें, इसे हमारी सरकार ने दर्शाया है। आज आपने खुद देखा है कि मैरीटाइम नेशन होने के नाते परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने यह लक्ष्य तय किया है कि वर्ष 2047 तक भारत विश्व का टॉप फाइव शिप बिल्डिंग नेशन बनेगा। इसके लिए मैरीटाइम वीक में जो भी आयोजन किया गया था, इसके जरिए यह लक्ष्य तय किया गया है कि अगले 25 वर्ष के अंदर इस सेक्टर में 80 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। This is the powerful vision developed by our hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji. अगर आपने ऐसा पावरफुल विजन बनाया होता, तो आप भी 55 सालों में बहुत कुछ कर सकते थे। आप विफल हुए। लोगों ने इसीलिए आपको इतिहास समझाया।... (व्यवधान) आज आपकी किसी भी प्रदेश में जगह नहीं रही।

परम आदरणीय सभापति महोदय, मैं तो इतना ही कहूंगा कि नॉर्थ ईस्ट में हमारे असम के अंदर, अरुणाचल प्रदेश के अंदर आप एक बार जाइए और खुद देखकर आइए कि इनके कार्यकाल में क्या हालत थी और वहां आज क्या हुआ है। आप जाकर देखिए कि क्या परिवर्तन और बदलाव हुआ है। वहां पर 70 से अधिक बार परम आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने दौरा किया है। He has visited there more than 70 times. He has created a history in more than 70 years of Indian Independence. But you had failed to do so. You had given a post of Prime Ministership to a person from Assam for 10 years. But during that time, you had totally failed to deliver goods to the people. But in return, the hon. Prime Minister, in the brief period of 11 years, has been able to get

everything for the people -- biggest fertilizer plant, biggest refinery, biggest IIM, AIIMS hospital, industry, and all other kinds of support. Even he has given the highest respect to the cultural heritage of Assam and the Northeast. Highest respect! आप नॉर्थ ईस्ट के गमछे को ले लीजिए। आपके नेता ने तो गमछा फेंक दिया। आपको समझ में नहीं आया।... (व्यवधान) आप सुन लीजिए। इतिहास को स्मरण कीजिए। जब महात्मा जी असम गए थे, तो गमछा देखकर उन्होंने कहा था कि इस गमछे में हमारी असम की महिला अपने सपने की रचना करती है। आप इतने बड़े एक वस्त्र को कभी भी पढ़ नहीं पाए, सीख नहीं पाए, क्योंकि हमारी विरासत के बारे में आपको कुछ भी ख्याल नहीं है।

(1235/RAJ/SNL)

परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है - विकास भी, विरासत भी। हमें अपने इतिहास को नहीं भूलना चाहिए। हमें अपने पुरखों को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने हजारों साल पहले देश के लिए मेहनत की है, त्याग किया है, अगर आप उनको भूल गए तो आप कभी बेहतर भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते हैं। आप भविष्य को कभी भी बढ़िया से नहीं सजा सकते हैं। परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कई कदम उठाए हैं। डॉक्टर भूपेन हजारिका सिर्फ हमारे देश के ही नहीं, बल्कि दुनिया के एक बड़े कलाकार हैं। अमेरिका हो, अफ्रीका हो, everywhere he is highly respected, लेकिन उन्होंने कभी भी भूपेन दा को इज्जत नहीं दी। असमिया लोगों ने बार-बार कहा कि आप उनको भारत रत्न दीजिए, लेकिन कांग्रेस ने नहीं सुना। परम आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज बिना बोले, उन्होंने खुद से कहा कि भूपेन दा को भारत रत्न देना सही है। यही बीजेपी सरकार की देश के लिए सदभावना और इज्जत है। असम हो या नॉर्थ ईस्ट हो, वे देश के अभिन्न अंग हैं। आज भारत को दुनिया में मजबूत बनाने के लिए, भारत की सुरक्षा के लिए असम और नॉर्थ-ईस्ट के जवानों ने कई बलिदान दिए हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भी असम का जो योगदान है, इसके बारे में आप सभी को अध्ययन करना चाहिए, इतिहास को स्मरण करना चाहिए। यह ऐसा प्रांत है, जिस प्रांत को आप पहचान नहीं पाए, लेकिन परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है, ये देश के अष्टलक्ष्मी हैं।

अगर असम, नॉर्थ-ईस्ट का विकास होगा, तो देश का विकास होगा। अगर नॉर्थ-ईस्ट आत्मनिर्भर बनेगा तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। आज नॉर्थ-ईस्ट की पांच करोड़ जनता मोदी जी को अपना मानती है। मोदी जी ने अपने कठोर परिश्रम और ईमानदारी से देश के लिए काम किए हैं, इसलिए आज वे देश के प्रिय नेता बन चुके हैं। दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ है। पहले विकसित देश राष्ट्र के प्रधान से बड़ी इज्जत से बात नहीं करते थे, लेकिन आज आप किसी भी मंच से बोलिए, अमेरिका हो, चाइना हो, जर्मनी हो, in any part of the world, he is a highly respected leader in the world. He can bring a solution to any kind of global situation. So, this is the power of Modi Ji's vision; this is the power of his leadership; this is the power of his commitment; this is the power of his

dedication; this is the power of his devotion; this is the power of his decency and discipline in life.

So I believe, आने वाले दिनों में हमारी नई पीढ़ी ने हमारे भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली विकसित देश बनाने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में जुड़ने का मन बनाया है। देश के हर नागरिक का जिस हिसाब से आज आत्मविश्वास दोगुना हुआ है, तो मुझे लगता है कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया का सबसे पावरफुल विकसित राष्ट्र बनेगा और आत्मनिर्भर देश बनेगा। आप देखिए कि पहले शिपिंग सेक्टर में क्या होता था? शिपिंग सेक्टर में अपने जहाज न होने की वजह से हमें विदेशों से जहाज लाने पड़ते थे और उनको हर साल छ: लाख करोड़ रुपए देने पड़ते थे। आप इससे अनुमान लगा लीजिए कि जब हम देश की इतनी बड़ी रकम विदेशी कंपनियों को देते हैं, तो देश का कितना नुकसान होता है? इन बातों को परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने गंभीरता से लिया और आज उन्होंने स्पष्ट किया है कि देश में जहाज बनेंगे। हम दुनिया को ये बेचेंगे और हम ये नहीं खरीदेंगे। उन्होंने ऐसा एक शक्तिशाली मन बनाया और बजट में पॉलिसी एनाउंस की गई है। आज यह स्पष्ट हो गया है। कल यह भी कहा गया है कि देश में ही कंटेनर्स बनेंगे। हम कंटेनर्स नहीं खरीदेंगे। हर सेक्टर में चाहे डिफेंस प्रोडक्ट्स हों, मोबाइल्स हों, व्हीकल्स हों, या अदर प्रोडक्ट्स हों, in every sector, India is going to be self-reliant. यह स्पष्ट है।

मैं चाहूंगा कि परम आदरणीय राष्ट्रपति महोदया ने जो अभिभाषण यहां पेश किया है, आप सभी को उसका स्वागत करना चाहिए।

(1240/NK/SMN)

हम सभी को मिलकर स्वागत करना चाहिए क्योंकि उन्होंने जो अभिभाषण दिए हैं, उस अभिभाषण में विकास के लिए सब कुछ स्पष्ट हुआ है। देश का विकास कैसे हुआ है, इसकी एक तस्वीर उन्होंने पेश की है। यह स्पष्ट है और आपको भी मान लेना चाहिए, आप विपक्ष में हो तो क्या हुआ, देश के लिए आपको भी प्रतिबद्ध होना चाहिए। पता नहीं आप क्यों नहीं मानते है। मैं एक बात कहूंगा, घृणा, कपट, अहं, दुश्मनी, भेदभाव, यह सब जहर है, इसको लेकर मत घूमिए, इसके बदले आप सकारात्मक बनिए।

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Mr. Prasun Banerjee, it is not fair that you are standing opposite to the Chair. What are you doing? If you want to make any gossiping.

श्री सर्बानंद सोनोवाल : माननीय सभापति महोदय, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इस पवित्र सदन में जो भी माननीय सदस्य हैं, चाहे ट्रेजरी बेंचज के हों या विपक्ष के हों, देश के विकास के सिलसिले में सभी को एक साथ जुड़ जाना चाहिए।

माननीय सभापति: वह असम के प्रतिनिधि नहीं हैं।

श्री सर्बानंद सोनोवाल : वह असम के प्रतिनिधि कैसे होंगे, ऑनलेस्टली स्पीकिंग, असम में कांग्रेस के लिए कोई जगह ही नहीं है, नार्थ ईस्ट में कांग्रेस की कोई जगह ही नहीं है। आपको जो भी करना था, वह आपने 55 सालों में कर दिया। आपका चेहरा उभर कर आया है, आपको असम और नार्थ ईस्ट के लोग शुभचिंतक नहीं मानते हैं, उन्होंने आपको दिल से निकाल दिया है, आप लोगों ने बहुत नाइंसाफी की है, आपने बहुत अन्याय किया है, आपने नार्थ ईस्ट के खजाने को लूटा है। You have looted the property of the entire North East. That is why, you are deprived of the people's right and that is why, you are always rejected, not accepted. You will always be rejected. That is clear. There is no point in putting your efforts in the North Eastern States in any elections.

Hon. Prime Minister is so loveable personality, not only in the North East but in the entire country and in the entire world. So, that is very clear indication that you should all come forward and join hands in the development *yatra.*

महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी ने जो अभिभाषण पेश किया है, मैं उसके समर्थन के लिए सभी लोगों से आग्रह करता हूं, आप भी साथ दें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं।

(इति)

1243 बजे

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : सभापति महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के संदर्भ में माननीय सर्बानंद सोनोवाल जी द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन देने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। *Adhyaksh Ji*, this is the twelfth year of the Narendra Modi Government and the first speech of the hon. President to this august House in the second part, the most important part of the *Amrit Kaal*, the two decades that are most important to lay the foundation for a *Viksit Bharat*. This Speech of the hon. President comes at a time when India today, despite the global economic slowdown, is the world's fastest growing large economy. It comes at a time when India has lifted 25 crore people out of poverty; it comes at a time when our people are given wings to their aspirations; it comes at a time when the youth of India, the *Yuva Shakti,* are being empowered to be the future torch-bearers of this hoary great civilisation.

(1245/RP/KDS)

Sabhapati ji, in the last 12 years, the popularity and political capital of our Government and our Prime Minister is on a constant increase. Twelve years is a very long time in a competitive democracy like ours. In the same 12 years, many other democracies have seen many leaders come and go. We have seen how in the United States, in the United Kingdom, in Japan, in Italy, and in many countries like us, we have a thriving democracy. Many leaders have come and gone. But, it is to the testament of the Prime Minister's dedication, his delivery of governance, that not once, not twice, but consecutively third time the Prime Minister has been re-elected to Office with thumping majorities, and our popularity and political capital is only increasing.

सभापति महोदय, मैं कल राष्ट्रपति जी का अभिभाषण पढ़ रहा था। चूंकि पिछले 10 सालों से अभिभाषणों में हम सब भाग ले चुके हैं और यहां बैठकर सुनने का मौका जनता ने मुझे दिया है। पूरे देश का लंबा सफर हमने पिछले 10 सालों में किया है। स्वाभाविक तौर पर मैं यूपीए के कालखंड के राष्ट्रपति जी के अभिभाषणों को एक बार देख रहा था। To put into context the journey of development the country has done in the last 10 years, I want to read the 10 speeches, delivered during the 10 years of the UPA Government, of the then hon. President. उन सभी भाषणों के एक-दो साल आपके माध्यम से देश के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं because that will be a stark example, a reminder to

the country of what was ‘a lost decade of opportunity’ and what is today ‘a decade of transformation’ under Narendra Modi.

माननीय सभापति जी, पिछले 10 सालों में सबसे बड़ा जो चेंज देश में हुआ है, वह यह है कि पिछले 10 सालों में राष्ट्रपति जी के हर अभिभाषण में करप्शन के, करप्शन के स्कैम्स के या स्कैंडल्स के एक उल्लेख की भी जरूरत नहीं पड़ी because we have delivered the most honest Government in the last 10 years. This has been the biggest achievement of this Government. माननीय सभापति जी, मैं आपको वर्ष 2011 का राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का एक वाक्य पढ़ना चाहता हूं। This is what the then hon. President said in her Address:

> “There has been a grievance in some quarters that the benefits intended for the poor through anti-poverty programmes have not reached them in full measure.”

वर्ष 2011 में बजट भाषण में राष्ट्रपति जी ने ये शब्द कहे थे। करप्शन का सबसे बड़ा बोझ, सबसे बड़ा नुकसान देश के गरीब को होता था, and contrasted it to today, when in 2026, the hon. President said in her Address:

> “My Government is institutionalizing transparency and honesty in systems. In the last one year, my Government has transferred benefits worth more than Rs. 6.75 lakh crore directly to the beneficiaries through Direct Benefit Transfer.”

In the 2011 Budget Speech, the President said that the benefits intended for the poor are not reaching them in the right measure, and here in 2026, the Government has transferred Rs. 6.7 lakh crore through Direct Benefit Transfers in the accounts of the people of this country.

The difference is unmistakable. The then Government of UPA acknowledged failure in delivery whereas the Modi Government has ensured delivery with dignity. What was once rhetoric has now become a reform, and what was once leakage is now replaced with direct benefit transfer. This is the stark example between UPA and today's era of good governance.

Sabhapati ji, the other most important aspect of contrast lies in how the earlier government handled the country's economy.

(1250/CS/VPN)

महोदय, यूपीए के 10 साल हाई-इन्फ्लेशन और लो-ग्रोथ के 10 साल थे। पॉलिसी पैरालिसिस के 10 साल थे। जब आप यूपीए के कार्यकाल के 10 साल के राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण देखते हैं, मैं तो उन्हें देखकर हैरान हो गया, हर भाषण में फेल्योर का एक्सप्लेनेशंस होता था। फेल्योर के एक्सक्यूजेज होते थे। मैं वर्ष 2009 के राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण का जिक्र करना चाहता हूँ। राष्ट्रपति जी के वर्ष 2009 के अभिभाषण में कहा जाता है कि "India is facing low growth. It will require meeting the challenge of restoring economic growth, which is now hurt by global economic slowdown, back to a higher growth path. High growth is necessary to provide Government the capacity to expand opportunities for employment." यह वर्ष 2009 का एक्नॉलेजमेंट है।

The things changed in 2010. The President said in 2010 "The current financial year is expected to see a slowing down of growth on account of the global recession." यह अभिभाषण वर्ष 2010 का है। वर्ष 2011 में लो-ग्रोथ और हाई-इन्फ्लेशन तो कॉमन बन चुका था, रूटीन बन चुका था और वर्ष 2011 में इसका पुन: जिक्र होता है। "We have gone through a difficult year for our country. Inflation has become a problem in the past year." The same script continued in the years 2009, 2010 and 2011.

वर्ष 2013 का अभिभाषण दखिए। It says "We are burdened by gathering anxieties about economic slowdown, job security, employment prospects. People are concerned about the security of our women and children. The past year has been a very difficult one for the global economy. Europe is in recession. Most emerging markets are growing very slowly. It has been a difficult year for India also. Both global and domestic factors have affected our growth. The Indian economy is currently experiencing slower growth. Real GDP grew by 5.4 per cent in the first half of the current fiscal year. This is significantly lower than the average of around 8 per cent in the last decade." यह वर्ष 2013 का अभिभाषण है। The Government put this on record. In the 10 years of UPA, the entire economic narrative was of slowdown, of inflation, of anxiety, of youth having no jobs, and most importantly, it was a narrative of excuses.

महोदय, मैं आज के अभिभाषण का कंट्रास्ट आपके सामने रखना चाहता हूँ। The hon. President addressed the country and said "over the last 11 years, the economic foundation of the country has grown significantly stronger. Despite various global crises, India has remained the fastest growing major economy in the world. India has further improved its record in keeping inflation under

control. It is directly benefiting the poor and middle class. As a result of the policies of my Government, the income of our citizens has increased, the savings has grown and their purchasing power has also increased."

ऐसा नहीं था कि पिछले 10 साल में हमने चैलेंजेज फेस नहीं किए। We faced a once in a century pandemic. But we did not blame our domestic economic record because of a pandemic.

महोदय, मैं कहीं पढ़ रहा था कि what is the difference between great leadership and weak leadership. वीक लीडरशिप एक्सक्यूज देती है, वीक लीडरशिप बोलती है कि because of this reason we are not able to do it. ग्रेट लीडरशिप यह होती है, despite these challenges we are doing it. यह बिकॉज ऑफ और डिस्पाइट ऑफ का जो फर्क है, यही बीजेपी और कांग्रेस के बीच का फर्क है। यही नरेन्द्र मोदी जी और कांग्रेस पार्टी के बीच का फर्क है। This is despite a global, once in a century pandemic, despite disruption of global supply chains and despite unprecedented global economic headwinds. Europe is slowing down today; emerging economies, developed economies around the world have slowed down today; but we have not made this as an excuse. Despite these challenges, the country is today the world's fastest growing large economy in the world. This is the strength of how we have managed the macroeconomic fundamentals in the last ten years. It has come after a lot of hard work. I will come there in the next portion.

Hon. Chairperson, Sir, while this was the contrast of the economy, this was the contrast of the corruption and transparency eras, the other very important contrast of the Congress era and the Narendra Modi era of today is this. It is very important to recollect this, because we easily forget the journey that we have made. Especially, as a youngster representing a generation that has seen through this, and also speaking for those young people who have perhaps lived through the dangerous decade of the UPA when they were very small, when they were very young, it is very important to recollect the horrendous ten years, so that we appreciate the journey that we have made.
(1255/UB/MNS)

Hon. Chairman, what was the internal security situation of the country? मैं यूपीए सरकार के समय हुए राष्ट्रपति के अभिभाषणों के वाक्यों का जिक्र करना चाहता हूं। In 2010, it was said, "Infiltration of terrorists from across the Line of Control in Jammu and Kashmir has gone up". This was the acknowledgement made in the year 2010. In 2011, did things change? Did the Government do anything?

In 2011, the Government again said, "Certain parts of the country have suffered from unacceptable high levels of violence, especially areas affected by Left-wing extremism and Kashmir Valley".

In 2012, it was again said, "The bomb blasts on 13th July, 2011, in Mumbai and 11th September, 2011, in Delhi are a grim reminder that terrorist modules continue to be active in the country. In 2011, 18 terrorist modules were neutralised – terrorism, fundamentalism, ethnic violence and Left-wing extremism continue to pose major challenges". This was a statement made in 2012. क्या वर्ष 2013 में स्थिति सुधरी? वर्ष 2013 में सरकार पुन: कहती है। … (व्यवधान) टेररिज्म की बात कहते हैं, तो आपको क्यों परेशानी हो रही है? … (व्यवधान) जब हम टेररिज्म की बात कहते हैं, तो आपको क्या तकलीफ हो रही है? … (व्यवधान) आप धीरज दिखाइए और बैठिए। … (व्यवधान) आप सुनिए, और भी काफी चीजें हैं। … (व्यवधान) वर्ष 2013 में क्या स्थिति सुधरी है? … (व्यवधान)

In 2013, they said, "Some parts of our country have in the recent past witnessed communal incidents. Incidents of Left-wing extremist violence have shown a declining trend. The number of deaths in Naxal violence declined from 611 in 2011 to 414 in 2012. compared with 2011, the number of fatalities in incidents of terrorist violence in 2012 has declined by nearly half".

सभापति महोदय, इन लोगों को शर्म आनी चाहिए। … (व्यवधान) ये लोग किस अचीवमेंट पर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं? In 2012, the number of deaths has come down to only 400 from 600. Is this their achievement? Is "Compared with 2011, the fatalities owing to terrorist violence has come down to half" their achievement? क्या इनका यह अचीवमेंट है? … (व्यवधान) कांग्रेस पार्टी ने 10 साल तक इस देश की इंटरनल सिक्योरिटी को इस प्रकार से कॉम्प्रोमाइज कर दिया है। This is the certificate. यह मेरा वाक्य नहीं है। These are all the statements of their own Governments made in this very august House.

सभापति महोदय, ये 10 साल उनके थे। … (व्यवधान) मैं अपने 12 साल पर भी आता हूं। … (व्यवधान) आपको यह सब सुनकर दिक्कत हो रही है। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): You can take note, the Leader of Opposition shall respond.

(Interruptions)…

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : सभापति महोदय, 10 साल तक देश लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म से ग्रसित था। … (व्यवधान) देश के कोने-कोने में टेररिस्ट अटैक होते थे। महिलाएं, बच्चे कोई भी सुरक्षित नहीं थे। This was the internal security situation of the country.

आज माननीय राष्ट्रपति जी अपने भाषण में यह उल्लेख करते हैं। “India has proved that power can be used with responsibility and prudence. The world has witnessed the valour and prowess of the Indian Defence Forces during Operation Sindoor. Using its own resources, our country destroyed the base camps of terrorists. My Government has sent a strong message that any terrorist attack on India will receive a firm and decisive response. The suspension of the Indus Water Treaty is also a part of India's fight against terrorism”. यह आतंकवाद के सामने भारत की जिम्मेदारी है, यह नरेन्द्र मोदी के भारत की जिम्मेदारी है।

(1300/NKL/RV)

Hon. Chairperson, the other biggest achievement that we have done is the near elimination of Left-wing extremism in this country. राष्ट्रपति जी ने इसका उल्लेख किया है -

> “In line with the policy of my Government, security forces have acted decisively against Maoist terror. Today, the challenge of Maoist terror has been reduced to just eight districts from 126 districts. Out of these, only three districts remain the most affected.”

That day is not far when the country will witness complete eradication of Maoist terror. मैं देश के युवाओं की ओर से विशेष रूप से माननीय गृह मंत्री जी को धन्यवाद करना चाहता हूं। He has single-handedly, decisively eliminated Maoist terrorism in this country. This is one of the biggest achievements of this Government.

सभापति जी, यूपीए सरकार के दस साल के भाषणों में कश्मीर का जब-जब उल्लेख हुआ था, वह टेररिज्म या वॉयलेंस के उल्लेख के साथ ही हुआ था। वर्ष 2014 के बाद, आर्टिकल-370 हटाने के बाद पहली बार कश्मीर का उल्लेख डेवलपमेंट के साथ, ग्रोथ के साथ और युवाओं की नयी शक्ति और विकास के साथ हो रहा है। This is the change in the language of the Government, in the speeches that this Parliament has recorded.

Hon. Chairperson, there is one other important issue that the country must understand. जब देश में इतने सारे टेररिस्ट अटैक्स होते थे, तब उन टेररिस्ट अटैक्स के विषय पर कांग्रेस पार्टी का क्या रिस्पॉन्स था? मैं आपको बताता हूं कि उनका रिस्पॉन्स क्या था, आप सुन कर हैरान हो जाएंगे।

Hon. Chairperson, our response to terrorist attacks has been clear. When Uri Attack happened, we responded with a surgical strike. When terrorism struck again, we responded with an air strike in Balakot. Under this very Government, we responded with ‘Operation Sindoor’. We responded to them in the language that the terrorists understand. … (*Interruptions*)

सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह नरेन्द्र मोदी सरकार का रिस्पॉन्स था। कांग्रेस सरकार का टेररिज्म के ऊपर क्या रिस्पॉन्स था?... (व्यवधान)

1303 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

In 2010, they made a categorical reference towards terrorism in the President's Address. वहां ये उल्लेख करते हैं –

> "Our unity and social harmony is the best answer to the terrorists and their divisive designs. Hence, the Government is committed deeply to protecting our social fabric and proposes to move the early passage of the Communal Violence Bill, 2005 in the Session of Parliament."

यह बिल क्या था? That was a Bill that presumed guilt on the Hindus of the country, a Bill that gave a legal presumption that the majority will be default perpetrators of violence. वर्ष 2010 में कांग्रेस सरकार यह बोलती है that this should be the response to terrorists. ... (*Interruptions*) आप लोगों को शर्म आनी चाहिए।... (व्यवधान) टेररिस्ट के डिज़ाइन को देश में लागू करने का काम कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2009-2010 में करने का प्रयास किया था।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, यह नेशनल सिक्योरिटी की बात है।... (व्यवधान) हमने नक्सलवाद पर चर्चा की।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप राष्ट्रपति अभिभाषण के नज़दीक ही बोलिए।

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : अध्यक्ष जी, ये राष्ट्रपति अभिभाषण के ही उल्लेख हैं।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हां, आप वही बोलिए।

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : अध्यक्ष जी, मैं वही बात कह रहा हूं। जो मैंने कहा, वह वर्ष 2010 के राष्ट्रपति अभिभाषण से उल्लिखित है।... (व्यवधान) यह उनकी स्टेटेड पॉलिसी थी।... (व्यवधान) Their response to terrorism was not surgical strike. Their response to terrorism was to bring the Communal Violence Bill. यह कांग्रेस पार्टी का डिजाइन था।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, हम इकोनॉमी के कम्पैरिजन में देखें, इंटर्नल सिक्योरिटी, लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म के कम्पैरिजन में इसको देखें।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, अब मैं विमेन रिज़र्वेशन बिल के ऊपर आता हूं।... (व्यवधान) यह बहुत इंटेरेस्टिंग चीज़ है। वर्ष 2009 के राष्ट्रपति अभिभाषण में कहा जाता है -

> "Early passage of Women's Reservation Bill, providing for one-third reservation to women in State Legislatures and in Parliament is my commitment."

(1305/MY/VR)

अब मैं वर्ष 2010 में आता हूं। वर्ष 2010 में पुन: रिपीट होता है-

"My Government is committed to ensuring early passage of the Women's Reservation Bill."

अध्यक्ष जी, वर्ष 2012 में पुन: रिपीट होता है-

"My Government has introduced the Constitution (Amendment) Bill to provide reservation for women."

In 2013, यह conveniently drop हो जाता है। वर्ष 2009, 2010, 2011, 2012 में बार-बार यही प्रॉमिस दिया जाता है। But promise remains a promise until Shri Narendra Modi comes and promises, and delivers on the commitment of women's reservation. यही फर्क है।

अध्यक्ष जी, यही हालत 'वन रैंक वन पेंशन' पर भी हुआ। इनका सिर्फ रेटोरिक है, रिफॉर्म नहीं है। प्रॉमिस है, कभी कमिटमेंट में लागू नहीं होता है।

अध्यक्ष जी, कल मैंने कांग्रेस के वर्ष 2004 से 2014 तक, दस साल के भाषण को पीडीएफ में ओपन करके की-वर्ड सर्च किया। क्या उन्होंने भारत के सांस्कृतिक विरासत के बारे में, अपने सिविलाइजेशन के बारे में, कल्चर के बारे में और अपने मंदिरों, भाषाओं, विरासत के बारे में उल्लेख किया है? मैंने पीडीएफ में की-वर्ड सर्च करके दस साल के भाषण को देखा है।

अध्यक्ष जी, you will be shocked. सिर्फ एक जगह पर स्वामी विवेकानंद जी के 150वें बर्थ एनिवर्सरी के सेलिब्रेशन का फुटनोट छोड़ कर कांग्रेस के पूरे दस साल के कार्यकाल में भारत की संस्कृति, विरासत, सिविलाइजेशनल वैल्यू के बारे में जिक्र भी नहीं हुआ है। This is all part of the record of this country. *... (Interruptions)*

माननीय अध्यक्ष: अगर आपके पास कोई रिकॉर्ड है तो आप बोल दीजिए। क्या आप रिकॉर्ड के बारे में बोलना चाहते हैं? माननीय सदस्य ने जो आरोप लगाया है, उसके बारे में यदि आपके पास कोई रिकॉर्ड है तो आप बोल दीजिए?

… (व्यवधान)

श्री हैबी ईडन (एरनाकुलम) : अध्यक्ष जी, मैं रूल के बारे में बोल रहा हूं।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप रूल को छोड़िए।

… (व्यवधान)

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : अध्यक्ष जी, मैं इनको चैलेंज करना चाहता हूं। ऐसा नहीं है कि यह मेरे घर का कोई डॉक्यूमेंट है। यह पार्लियामेंट का रिकॉर्ड है। I challenge any Member of Parliament from the Congress to show one sentence on the civilizational integrity of this country mentioned in the President's Addresses in those 10 years. उनका कमिटमेंट हीं नहीं है।

Sir, compare this with what Narendra Modi ji did. वर्ष 2014 में जब हम पहली बार आते हैं तो अपने देश से वादा करते हैं। We promised the country that we will do technology, and we will also improve tradition. ट्रेडिशन और टेक्नोलॉजी दोनों के बारे में भारत में यदि कोई इम्प्रूवमेंट किया है तो भारत में पहली बार नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है।

I want to mention about the National Heritage City Development and Augmentation Yojana (HRIDAY) 2015. *... (Interruptions)*

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज पहले मेरी बात सुनिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपके पार्टी के लोग आपका नाम नहीं लेंगे, तो भी मैं आपको पांच मिनट बोलने की इजाजत दूंगा। आप इनकी बात खत्म कर लेने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: क्या आप राहुल गांधी जी से पहले बोलना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : अध्यक्ष जी, मैं तो यहां अपने हाथ में दस साल के यूपीए के पूरे स्पीचेज को प्रिंट आउट लेकर आया हूं।… (व्यवधान)

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, the hon. Member, Shri Tejasvi Surya has mentioned the period from 2004 to 2014, भारत की संस्कृति के ऊपर कांग्रेस के किसी भी सदस्य ने कुछ भी नहीं बोला है। पी.टी. थॉमस, फॉर्मर मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट ने श्री नारायण गुरू और इंडियन कल्चर के बारे में, सिलेबस में उनके बारे में जो जगह होना चाहिए, श्री नारायण गुरू जी के बारे में बहुत सारी चीजें बोला हैं। माननीय सदस्य ऐसे कैसे बोल सकते हैं कि उन्होंने कुछ नहीं बोला है? How can he say that? *... (Interruptions)*

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : माननीय अध्यक्ष जी, सम्माननीय सदस्य का ध्यान केरल में है, यहां नहीं है। तेजस्वी सूर्या जी जो कह रहे हैं, वह यह कह रहे हैं कि राष्ट्रपति अभिभाषण में भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाएं और भारतीय परंपरा का जिक्र नहीं है, वह कांग्रेस के किसी सम्माननीय सदस्य के भाषण से कह रहे हैं। ये राष्ट्रपति अभिभाषण के बारे में बात कर रहे हैं। उनको इतना मालूम होना चाहिए।

(1310/MLC/PBT)

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : मैंने तो इन्हें समझाने का प्रयास किया है।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, आप मत समझाइए, सब समझदार हैं।

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : अध्यक्ष जी, मैंने एक्सपेक्ट किया था इसलिए मैं उनके दस साल के भाषणों की प्रतियां प्रिंट आउट करके आया हूँ। ये मैं उन्हें देता हूँ। … (व्यवधान) आप दस साल की स्पीचेस को लाइन बाय लाइन देखिए, अगर आपको मिलता है, तो आप देश को दिखाइए contrast this to what we did.

अध्यक्ष जी, वर्ष 2015 में नरेन्द्र मोदी जी आते हैं और हमने हृदय स्कीम शुरू की, हमने प्रसाद स्कीम शुरू की। हमने टेम्पल टाउंस का डेवलपमेंट किया। स्वदेश दर्शन शुरू हुआ। हमने देश को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की कल्पना दी। हमने केदारनाथ धाम और चार धामों की यात्रा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का काम किया। … (व्यवधान) विश्वनाथ धाम के कॉरिडोर का प्रोजेक्ट हुआ, महाकाल का प्रोजेक्ट हुआ। अध्यक्ष जी, किरीटप्राय के रूप में इन सबको एक ताकत देने के लिए भव्य राम मंदिर का भी उद्घाटन नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में हुआ। … (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, यह क्यों महत्वपूर्ण था, क्योंकि दशकों तक, सदियों तक भारत कॉलोनाइज्ड हो गया था और इस कॉलोनाइजेशन की वजह से इस देश में एक प्रकार का इंफेरियारिटी कॉम्प्लेक्स आ गया था। … (व्यवधान) मुझे इस देश का युवा होने के नाते यह कहने में अत्यंत गर्व है कि इस साल के राष्ट्रपति के अभिभाषण में we have said something that no Government in independent India's history has ever said.

मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलना चाहता हूँ कि -

"From the cultural perspective, India is among the richest nations in the world. Through Macaulay's conspiracies, a sense of inferiority was instilled." … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, बोलिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण) : अध्यक्ष जी, पहली बार देश के संसदीय इतिहास में राष्ट्रपति अभिभाषण में यह उल्लेख किया गया है -

> "Through Macaulay's conspiracies, a sense of inferiority was instilled among the people of India during the colonial period. Now, for the first time since independence, my Government has shown the courage to strike a blow on this."

यह पहली बार किसी सरकार ने कॉलोनाइजेशन के ऊपर, मैकाले की कांस्पीरेसीज के ऊपर, डिकॉलोनाइजेशन के ऊपर बात कही है। … (व्यवधान) This is the contrast of the last two years. This is the civilisational difference between the approach of the BJP and the Congress.

अध्यक्ष जी, हमने सुना है, कांग्रेस हमेशा कहती है कि अरे, मनरेगा भी हमने शुरू किया था, डीबीटी भी हमने शुरू किया, आधार भी हमने शुरू किया था, ये सब भी हमने शुरू किया था।… (व्यवधान) अध्यक्ष जी, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि जब मैं रिसर्च कर रहा था, तो एक बहुत इंटरेस्टिंग चीज निकलकर आई कि इनके रिन्यूएबल एनर्जी के टारगेट्स, इनके पूरे दस साल के राष्ट्रपति अभिभाषणों में मेगावाट्स में लिखा जाता है।… (व्यवधान) नरेन्द्र मोदी जी के देश के

प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार गीगावाट्स का ड्रीम इस देश में होता है। … (व्यवधान) नेता बड़े थे, लेकिन सोच छोटी थी, यह कांग्रेस की असलियत है। हम दोनों के बीच फर्क बहुत है।… (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, हिन्दी के एक कवि की बात मुझे याद आ रही है -

"सिर्फ़ पानी व पसीने में बड़ा अंतर है,
एक पत्थर व नगीने में बड़ा अंतर है।
अरे, मुर्दा घड़ियों की तरह वक्त बिताने वालों,
साँस लेने में व जीने में बड़ा अंतर है।"

अध्यक्ष जी, यह बीजेपी और कांग्रेस के बीच का फर्क है।… (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं एक और महत्वपूर्ण विषय, जो देश की युवाशक्ति से संबंधित है, उसके ऊपर देश का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। … (व्यवधान) अध्यक्ष जी, पिछले दस साल में सबसे बड़ा जो चेंज देश में आया है, मैं मानता हूँ कि जो इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ड करने से कठिन है।… (व्यवधान) पैसा डालें, तो बिल्डिंग्स खड़ी हो जाती हैं, फ्लाईओवर्स बन जाते हैं, एयरपोर्ट्स बन जाते हैं, पर एक देश का, एक समाज का कल्चर चेंज करना, एक बिहेवियर ऑफ पैटर्न में बदलाव ले आना, एक एस्पिरेशन में बदलाव ले आना, ये सबसे कठिन चीज होती है।

(1315/GG/SNT)

अध्यक्ष जी, 10 साल पहले इस देश के युवा का एस्पिरेशन क्या होता था। सबसे अच्छे पढ़े-लिखे नौजवान का भी एस्पिरेशन एक सरकारी नौकरी लेने का होता था। अगर किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिली, तब वह जा कर प्राइवेट में काम करता था, It was looked down upon. जब प्राइवेट में भी उनको काम नहीं मिलता था, as the last resort of a loser, वह बिज़नस करने के लिए जाता था। यह दस साल पहले देश की स्थिति थी। पर आज देश के एस्पिरेशन में बदलाव हो गया है। आज देश के युवा जॉब सीकर नहीं, आज जॉब गिवर बनना चाहते हैं। Entrepreneurial Revolution देश में हुआ है। It is very rare.

अध्यक्ष जी, मैं आपको दिखाना चाहता हूँ कि जैसे मैंने सांस्कृतिक विरासत के बारे में उल्लेख किया। उसी तरह की ही स्टडी में दस साल के यूपीए के भाषणों में entrepreneurship, startup, ease of doing business, economy strengthening, deregulation, and decriminalisation ऐसे आठ-दस कॉम्बिनेशंस में मैंने वर्ड सर्च किया। दस साल के भाषणों में एक बार भी स्टार्ट-अप का ज़िक्र नहीं है। एक बार भी entrepreneurship का ज़िक्र दस साल में नहीं है। एक बार भी डीरेग्युलेशन, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नस, पीएलआई, ऐसी एक स्कीम का भी उल्लेख नहीं है।

The biggest challenge that we have seen in the last 10 years is Shri Narendra Modi has given the young of India a new vocabulary of building India.

आज देश के युवा एंजल इनवेस्टमेंट के बारे में बात कर रहे हैं, आईपीओ की बात कर रहे हैं, मुद्रा के बारे में, स्टैंड-अप के बारे में, पीएलआई के बारे में, कंपनी का आईपीओ निकालने के बारे में बात कर रहे हैं। दस साल पहले देश के युवाओं के शब्दकोश में ही यह शब्द नहीं था। This change

is what Narendra Modi's *sarkar* has brought to this country and this is the difference that has come. … (व्यवधान)

1318 hours

(At this stage, Shri Kalyan Banerjee, Shri Naresh Chandra Uttam Patel and some other hon. Members came and stood near the Table)

अध्यक्ष जी, मैं एक-दो मिनट में वाइंड-अप कर रहा हूँ। … (व्यवधान) कन्नड़ में कहा जाता है। … (व्यवधान) एक कवि ने बोला है:

"Mooru sagara, nooru Mandira, Daiva saviraviddarenu?
Gange iddare, Sindu iddare, giri Himilayaviddare,
Vedaviddare, bhoomi iddare, ghana parampare iddarenu sarthaka?
Deshada yuvakare malagi nidrisuttiddare?"

अध्यक्ष जी, इसका मतलब यह है कि तीन सागर हों, सौ मंदिर हों, हज़ारों देवता हों, गंगा-सिंधु हों, हिमालय पर्वत हो, वेद-धरती हो, गौरवशाली परंपरा हो। लेकिन यदि देश के युवा सोए रहे, दिशाहीन भटकते रहे तो इन सबका क्या अर्थ है। … (व्यवधान) यह इसका मतलब है। … (व्यवधान) दस साल तक देश के युवाओं को दिशाहीन कर दिया था। … (व्यवधान) दस साल तक देश के युवाओं को जाग्रत करने के लिए प्रयास ही नहीं हुआ था। … (व्यवधान) पहली बार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश के युवा जाग चुके हैं। … (व्यवधान) आज देश के युवा नया भारत बनाने का संकल्प कर चुके हैं। … (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं दो मिनट में समाप्त करता हूँ। … (व्यवधान) अध्यक्ष जी, और एक बहुत इंट्रेस्टिंग विषय निकल कमर आता है, जब हम दस साल के इनके भाषणों के ऊपर सर्च करते हैं। मैं दस साल के भाषणों में विकसित भारत का या डेवल्प्ड इंडिया का या सुपर पॉवर इंडिया का क्या ज़िक्र है, इसका भी मैं सर्च किया। दस साल के इनके पूरे भाषणों में विकसित भारत का, डेवल्प्ड इंडिया का उल्लेख भी नहीं दस साल के भाषणों में हुआ है। देश के युवाओं के सामने एक डेवल्प्ड इंडिया का, एक विकसित भारत का लक्ष्य भी इन लोगों ने नहीं रखा था। उसको हासिल करने की बात छोड़िए।

(1320/YSH/RTU)

यह फर्क है। जिसके हृदय में भारत के प्रति भक्ति होती है, वह भारत को विकसित बनाने का काम करता है। … (व्यवधान) अध्यक्ष जी, जिनकी नीयत ठीक नहीं है, नीति क्लियर नहीं है, उनकी नीति भी ठीक नहीं होती है। … (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं समझ सकता हूँ कि इनकी क्या तकलीफ है। मैं समझ सकता हूँ कि आप सबकी तकलीफ क्या है। मैं पढ़ रहा था कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में इंडिया एलायंस और कांग्रेस पार्टी की चुनावों में लगातार 95 हार हो चुकी है। … (व्यवधान) अभी पांच राज्यों के चुनाव आने वाले हैं। पश्चिम बंगाल के सभी वरीष्ठ सांसद भी बहुत तकलीफों में जुड़े हैं। मैं राहुल गांधी जी और इंडिया एलायंस को सेंचुरी की एडवांस कांग्रेचुलेशन देना चाहता हूँ।… (व्यवधान) आप पश्चिम बंगाल से, केरल

से, तमिलनाडु और हर जगह से खाली होंगे। हर जगह नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार सामने आएगी। India today is on the cusp of a new economic revolution. पिछले 10 सालों में हमने फाउंडेशन करने का काम किया है। … (व्यवधान) In the last one year, Pradhan Mantri ji's 'Reform Express' is going at full speed to promise the new generation of Indians a life, a quality of infrastructure, a quality of living that no generation in India has seen before. Ursula von der Leyen ji, President of the European Commission, visited India on the occasion of Republic Day and after a meeting with the hon. Prime Minister, she had put a tweet. She said, "A successful India makes the world more stable, more prosperous and secure. We all benefit with India's growth." This is stated by the President of the European Commission. When India grows, India will grow not to dominate the world, India will grow to transform the world. This is the commitment the hon. Prime Minister has given to the youth of this country. The hon. President in the conclusion of her address, gives a call to the nation, especially to the Members of Parliament from all across the aisles to become united in the matter of security of the country and the aspiration of a *Viksit Bharat.*

आइए, हम विकसित भारत के इस बड़े लक्ष्य का सामना करने के लिए, इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए छोटे-मोटे पॉलिटिकल डिफरेंसेस को पीछे छोड़कर देश के लिए एकजुट होकर उसे आगे बढ़ाने का काम करें। … (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, आपने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूँ और भारत मां की सेवा में हम सब दिल से काम करें, इसी अपेक्षा के साथ मैं आपको फिर से धन्यवाद देता हूँ। … (व्यवधान)

भारत माता की जय। … (व्यवधान)

(इति)

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

"कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए :-

"कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण, जो उन्होंने 28 जनवरी, 2026 को एक साथ समवेत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, के लिए उनके अत्यंत आभारी हैं।"

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर संशोधन के संबंध में घोषणा

1323 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जिन माननीय सदस्यों के संशोधन परिचालित किए गए हैं, यदि वे अपने संशोधनों को प्रस्तुत करने के इच्छुक हैं, तो 15 मिनट के भीतर सभा पटल पर अपनी पर्चियां भेज सकते हैं, जिनमें उन संशोधनों की क्रम संख्या दर्शाई गई हों, जिन्हें वे प्रस्तुत करना चाहते हैं। केवल उन संशोधनों को ही प्रस्तुत किया समझा जाएगा, जिनके संबंध में पर्चियां विनिर्दिष्ट समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त होंगी।

इस प्रकार प्रस्तुत किए गए संशोधनों की क्रम संख्या को दर्शाने वाली सूची कुछ समय पश्चात सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। सदस्य यदि सूची में कोई विसंगति पाते हैं तो वे कृपया इसे तत्काल सभा पटल पर अधिकारियों के ध्यान में लाएं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री राहुल गांधी जी।

… (व्यवधान)

1324 बजे

(इस समय श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल और कुछ अन्य माननीय सदस्य अपने-अपने स्थानों पर वापस चले गए।)

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कल्याण जी।

… (व्यवधान)

(1325/STS/AK)

माननीय अध्यक्ष : कल्याण जी। माननीय सदस्य प्लीज।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राहुल गांधी जी।

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, let the House be in order. … (*Interruptions*)

1326 hours

(At this stage, Shri Kalyan Banerjee *and some other hon. Members went back to their seats.)*

1326 hours

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI RAHUL GANDHI): Thank you, Speaker Sir, for letting me speak on the President's Address.

A young colleague over there made an allegation against the Congress Party. I was not going to raise this issue, but because he has raised the issue about our patriotism and our understanding of the Indian culture, I would like to start by reading something and this is from the memoirs of Army Chief Naravane. I would like you to listen nicely, and you will understand exactly who is patriotic and who is not. It will take a little while.

This is about when four Chinese tanks were entering the Indian territory. They were taking a ridge in Doklam and the Army Chief writes and I quote from an article that is put in his book: "The tanks were within a few hundred meters of Indian positions on the Kailash Range. … (*Interruptions*)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): No, Sir. … (*Interruptions*) The LOP has just started his speech. … (*Interruptions*) He is not yielding. … (*Interruptions*) The Defence Minister cannot get involved. … (*Interruptions*) He has just started. … (*Interruptions*)

रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह) : एलओपी यह बताएं कि क्या वह पुस्तक प्रकाशित हुई है, जिसमें ये सारी बातें लिखी हुई हैं।… (व्यवधान) यदि वह पुस्तक प्रकाशित हुई है, तब तो आप उसका उल्लेख कीजिए।… (व्यवधान) अगर नहीं प्रकाशित हुई हैं, तो उसका उल्लेख करने का कोई औचित्य नहीं है।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज एक मिनट।

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, this is not right. … (*Interruptions*) In the morning you talked about this, and you are completely violating it. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप सदन में प्रतिपक्ष के नेता है। पूर्व में भी यह अनुभव रहा है कि सांसद प्रियंका गांधी जी ने भी एक बात कही थी, तब उन्होंने उस बात को यहां टेबल पर ऑथेंटिकेट किया था। रक्षा मंत्री जी ने जो विषय उठाया है, उसमें उनका कहना है कि हम जिस भी विषय के बारे में बोलें, उसको सदन के पटल पर ऑथेंटिकेट कर सकें, उसी विषय को यहां पर बोलें। सदन यह मर्यादा बना कर रखें।

SHRI RAHUL GANDHI: Sir, this is 100 per cent authentic. … (*Interruptions*)

श्री राज नाथ सिंह : मैं आपके माध्यम से एलओपी से यह पूछना चाहता हूं कि जिस पुस्तक के कंटेंट को वे यहां पर उल्लेख कर रहे हैं, क्या वह पुस्तक प्रकाशित हुई है या नहीं हुई है?

SHRI RAHUL GANDHI: Sir, Rajnath Singh is getting exercised because his name is going to be spoken just now. … (*Interruptions*)

श्री राज नाथ सिंह : मैं केवल इस एक प्रश्न का जवाब इनसे चाहता हूं। … (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI: Speaker Sir, I have not said anything. … (*Interruptions*) These are the memoirs of General Naravane in which … (*Interruptions*)

